"जिस देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है, वह देश एवं समाज, ज्ञान व तकनीक में भी उन्नत होता है।"

नीति आयोग ने डिजिटल भुगतान कदने वालों के लिए साप्ताहिक गासिक या त्रैमासिक लकी ड्रॉ निकालने की सिफारिश की थी, जिसके आधार पर दो तरह के पुरस्कारों की घोषणा की गई। उपभोक्ताओं के लिए 'लकी ग्राहक योजना' और व्यापारियों के लिए ' डिजीधन व्यापारी योजना' शुरू की गई तथा इसके लिए सरकार ने 340 करोड़ रुपये का बजट आवंछित किया

था। ये योजनाएं 25 दिसंबर, 2016 से 14 अप्रैल,2017 तक ... डिजिटल भुगतान करने वाले देश के लाखों लोगों को वित्तीय लाभ ...

कहते है कि जिस देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है, वह ... समाज, ज्ञान व तकनीक में भी उन्नत होता है। यह बात नार्डिक देशों ... डेनमार्क, आइसलैंड एवं स्वीडन के संदर्भ में सटीक प्रतीत होती है। ... स्वीडिश मुद्रा कोन का प्रचलन केवल 3 प्रतिशत रह गया है जबकि ... लेन-देन डिजिटल माध्यमों के द्वारा किया जा रहा है। ... 2020 तक देश की अर्थव्यवस्था को पूरी तरह से नकद विहीन करने का ... रखा है। इसके अलावा ब्रिटेन, फ्रांस, कनाडा और बेल्जियम का ... डिजिटल पेमेंट 90 प्रतिशत से अधिक है।

## कैशलेस इंडिया हेतु उठाये गये कदम

**भीम** : भीम एक मोबाइल भुगतान एप है जो यूपीआइ पर आधारित ... इस एप का शुभारंभ 30 दिसंबर, 2016 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ... के तालकटोरा स्टेकडयम में आयोजित डिजिधन मेला के दौरान किया ...

**तेज** : यह सर्च इंजन गूगल के यूपीआई आधारित डिजिटल भुगतान ... सेवा एप है जिसका शुभांरभ 18 सितंबर, 2017 को केंद्रीय वित्त मंत्री अरुण ... जेटनी द्वारा किया गया। यह एप एंड्रॉयड और आइओएस चालित स्मार्ट फोन ... पर काम करता है।

**ई-वॉलेट** : ई-वॉलेट या मोबाइल वॉलेट यूपीआई आधारित भुगतान ... प्रणाली है। भारत में पेटीएम के अतिरिक्त मोबीक्विक, फ्री चार्ज, एयरटेल मनी ... एक्सिस बैंक लाइम, साइट्स पे, इट्सकैश, ऑक्सीजन वॉलेट, आईसीआईसीआई ... पॉकेट्स, स्टेट बैंक बड़ी, पेयू मनी, जियो मनी, वोडाफोन एम पेसा, एचडीएफसी ... चिल्लर आदि हैं।

**यूपीआई 2.0** : 16 अगस्त, 2018 को यूपीआई का अपग्रेडेड संस्करण ... यूपीआई 2.0 का शूभारंभ किया गया। नेशनल पेमेंट कॉर्पोरिशन ऑफ इंडिया ... ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के साथ मिलकर यह संस्करण शुरू किया है। ... यूपीआई 2.0 के जरिए ग्राहक ओवर ड्रॉफ्ट अकाउंट को लिंक, वन टाइम ... मैनेडेट, इनबॉक्स में वॉयस सुविधा आदि सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे।

आज यदि सारी दुनिया तकनीक की मदद से कैशलेस समाज की तरफ ... बढ़ रही है। तो अकारण नहीं बढ़ रहीं है। यह नई दुनिया की वह अद्भुत ... व्यवस्था है। जिसके अनेक लाभ हैं। यही कारण है। कि भारत भी इस व्यवस्था ... भी इस व्यवस्था की ओर उन्मुख हुआ है। इस लाभ कारी व्यवस्था को अपनाने ... के लिए पहलें भी शुरू हो गई हैं। सरकारी पहलों के साथ-साथ हमें भी अपना ... चोला वदलने के लिए तैयार रहना होगा। यानी भुगतान की पुरानी आदतें ...



बदलना होगा और नई आदतें डालनी होंगी। उम्मीद कर सकते हैं कि कैशलेस समाज के जरिए हम एक पारदर्शी व्यवस्था से जुड़ कर आधुनिक ताक होंगे ही, दुनिया के साथ कदमताल भी कर सकेंगे।

एक राष्ट्र – एक बाजार – एक कर : जी.एस.टी

देश में दुसरा मुद्दा जी.एस.टी का है यह एक ऐसा सिस्टम है जिससे कि व्यापार की सुगमता बढी है। देश में जीएसटी के प्रभावी होने से अब अप्रत्यक्ष करों के संदर्भ में एकल स्तरीय कर प्रणाली अस्तित्व में आ चुकी है, जिससे 'एक राष्ट्र-एक बाजार-एक कर' की अवधारणा को तो बल मिला ही है, कर वसूली में पारदर्शिता आने से भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा है। पूर्व की तुलना में अब एक राज्य से दूसरे राज्य में वस्तुओं और सेवाओं का लेन-देन सुगम हुआ है। टैक्स पर टैक्स की व्यवस्था खत्म होने से जहां आम आदमी को राहत मिली है, वहीं वस्तुओं और सेवाओं की लागत में स्थिरता देखने को मिल रहीं है। इससे जहां वस्तुओं और सेवाओं की कीमत में एकरूपता देखने को मिल रहीं है। वहीं कानूनों प्रक्रियाओं और कर दरों में भी एकरूपता आई है।

जीएसटी के प्रभावी होने से कारोबारी सुगमता भी बढ़ी है। इसने देशभर में व्यापार प्रक्रिया को कर की दृष्टि से तटस्था बनाया है। इससे व्यापार संचालन की प्रच्छन्न लागत में कमी आई है, फलतः व्यापार और उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता में सुधार हुआ है। जहां अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भारतीय वस्तुओं और सेवाओं की प्रतिस्पर्धा क्षमता म वृद्धि हुई है। वहीं भारतीय निर्यात को प्रोत्साहन मिला है। जीएसटी के अंतर्गत विनिर्माता से उपभोक्ता तक केवल ऐक ही कर होने से अंतिम उपभोक्ता तक अदा किए गए करों में पारदर्शिता आई है। क्षमता में वृद्धि और रिसाव की रोकथाम होने से अधिकांश वस्तुओं पर कर का वोझ हल्का हुआ है, जो कि उपभेक्ता के लिए लाभकारी स्थिति है।

"जीएसटी, अनौपचारिक क्षेत्र को मुख्यधारा में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका कनभा रहा है और हम एक राष्ट्रीय बाजार को विकसित कर रहे हैं। आज के सुधारों का नतीजा हमें आने वाले समय में मिलेगा और हम अच्च विकास दर हासिल करेंगें।"

जीएसटी के कारण 'एक राष्ट्र, एक बाजार, एक कर' की अवधारणा साकार होने से राष्ट्र उत्थान की 'मेक इन इंडिया' जैसी पहलों को बल मिला है। जब एकीकृत एक समान राष्ट्रीय बाजार का सृजन होता है, तब विदेशी निवेश भी बढ़ाता है। और राष्ट्र की अर्थव्यवस्था सुदृढ होती है। विनिर्माण गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलने से रोजगार के अवसर सृजिन होते हैं, जिससे वेरोजगारी और गरीवी जैसी समस्याओं से उभरने का मौका मिलता है। इसमें कोई दो राय नहीं है भारत में जीएसटी को प्रभावी बनाया जाना अब तक का सवसे बड़ा 'कर सुधार' है। जब कोई बड़ा सुधार किया जाता है, तो सुरुआत

में कुछ तात्कालिक व्यवधान और विचलन भी आते हैं इन तात्कालिक व्यवधानों और विचलनों का दिखना स्वाभाविक भी होता है, क्योंकि बनी बनाई व्यवस्थित संरचना बदलती है। इससे संरचनात्मक समस्याएं बेशक पैदा होती हैं, किंतु इनके आधार पर किए गए सुधार को कटघरे में खड़ा नहीं किया जा समता, क्योंकि संरचनात्मक समस्याएं समय के साथा ठीक भी हो जाती हैं। संरचनात्मक समस्याओं को लेकर जीएसटी का जा विरोध सामने आया, वो जायज नहीं है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि यह हमारी आर्थिक सेहत को अच्छा बनाने के लिए उठाया गया एक सुचिंतित कदम है।

जीएसटी के कारण भारत की अर्थव्यवस्था पतनोन्मुख नहीं हुई है बल्कि यह छलागं लगाने को तैयार है। इसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। शुरुआती रुझान सामने आने लगे हैं। यह अकारण नहीं है कि वैश्विक वित सेवा प्रदाता कंपनी 'एचएसबीसी' द्वारा हाल ही मे जारी की गई एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत आगामी 10 वर्षों में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी योगदान होगा। दूसरी तरफ 31 अक्टूबर, 2017 को विश्व बैंक द्वारा जारी की गई 'कारोबार सुगमता रिपोर्ट–2018' में दी गई 190 देशों की सूची में भारत को 100वां स्थान प्राप्त हुआ है, जो कि वर्ष 2017 के 130वें स्थान के मुकाबले बहुत बेहतर प्रदर्शन को दर्शाता है। रिपोर्ट में रेखांकित किया गया है कि ऐसा हालिया सुधारों के कारण हुआ है। स्पष्ट है कि हम एक मजबूत अर्थव्यवस्था की तरफ सधे हुए कदमों से बढ़ रहे है। भूमिका निभा रहा है कि हम एक राष्ट्रीय बाजार को विकसित कर रहे हैं। आज के सुधारों का नतीजा हमें आने वाले समय में मिलेगा और हम उच्च विकास दर हासिल करेंगे।

"देश में जीएसटी के प्रभावी होने से अब अप्रत्यक्ष करों के संदर्भ में एकल स्तरी कर प्रणाली अस्तित्व में आ चुकी है, जिससे एक राष्ट्र–एक बाजार–एक कर की अबधारणा को तो बल मिला ही है, कर वसूली में पारदर्शिता आने से भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा है।"

जीएसटी यानी वस्तु एवं सेवा कर की अवधारणा एक राष्ट्र, एक बाजार एवं एक कर से अभिप्रेत है। यह 'एक राष्ट्र, एक कर' की अवधारणा को इस प्रकार स्थापित करता है कि इसके लागू होने से पूरा देश एकीकृत बाजार में तब्दील हो जाता है। फलस्वरूप एक राष्ट्र, एक बाजार और एक कर की कड़ियां परस्पर जुड़ जाती हैं, जिसका लाभ देश की जनता को मिलता है और उसे दोहरे कराधान से राहत मिलती है। जीएसटी को एक अप्रत्यक्ष कर एकीकृत कर ढांचे के रूप में निरूपित किया जाता है और इसमें अधिकांश अप्रत्यक्ष कर समाहित रहते हैं। अर्थशास्त्रियों द्वारा इसे इस प्रकार परिभाषित किया गया है– "जीएसटी एक व्यापक, बहु–स्तरीय, गंतव्य आधारित कर है जो प्रत्येक मूल्य के जोड़ पर जगाया जाता है।" यहां 'बहुस्तरीय' से अभिप्राय



उन विभिन्न स्तरों है। जो वस्तु के निर्माण से लेकर उपभक्ता तक पहुंचने में चरणवार देखने को मिलते हैं, जबकि गंतव्य आधारित शब्द सामूची निर्माण श्रृंखला को व्यक्त करता है। वस्तु के निर्माण के सभी स्तरों और पूरी निर्माण श्रृंखला के दौरान होने वाले सभी लेन–देन पर जो मूल्य संवर्धन होता है, उसी पर जीएसटी जगाया जाता है।

भारत में भले ही 30 जून–1 जुलाई, 2017 की मध्य रात्रि से 'एक राष्ट्र, एक बाजार, एक कर' की अवधारणा को मूर्त रूप देने के लिए जीएसटी को प्रभावी बनाया गया,किन्तु इसकी पृष्ठभूमि कई वर्ष पहले ही तैयार होनी शुरु हो चुकी थी। सर्वप्रथम वर्ष 2002 में इसका सुझाव केलकर कार्यवल द्वारा दिया गया, जो कि अप्रत्यक्ष कराधान पर गठित किया गया था। इसके वाद वर्ष 2006–7 के बजट भाषण में तत्कालीन केंद्रीय वितमंत्री पी. चिदम्वरम द्वारा न सिर्फ जीएसटी की पैरोकारी की गई, बल्कि इसे 1 अप्रैल, 2010 से लागू किए जाने की संभावना भी जताई गई। इसके वाद एक लंवी यात्रा तय करने के बाद भारत में जीएसटी की अवधारणा मूर्त रूप ले पाई।

"यह 'एक राष्ट, एक कर' की अवधारणा को इस प्रकार स्थापित करता है कि इसके लागू होने से पूरा देश एकीकृत बाजार में तब्दील हो जाता है। फलस्वरूप एक राष्ट्र, गक बाजार और बक कर की कड़ियां परस्पर जुड़ जाती हैं, जिसका लाभ देश की जनता को मिलता है और उसे दोहरे कराधान से राहत मिलती है।"

जीएसटी को लागू किए जाने से एक राष्ट्र–एक बजार–एक कर की अवधारणा साकार हुई है, क्योंकि इसके तहत केंद्र और राज्यों के अप्रत्यक्ष करों को मिलाकर उन्हें एकल कर का स्वरूप प्रदान किया गया है, जिससे एक समान राष्ट्रीय बाजार का मार्ग प्रशस्त 'ुआ है। यानी 'एक राष्ट्र, एक कर8 से एक बाजार भी जुडं गया, जिसे देशवासियों के लिए लाभकारी स्थिति माना जा रहा है, क्योंकि इससे दोहरे कराधान से बचत होगी। यहां यह जान लेना अचित रहेगा कि जीएसटी ने जिन केन्द्रीय करों का स्थान माना जा रहा है, क्योंकि उत्पाद शुल्क, उत्पाद शुल्क, अतिरिक्त उत्पाद शुल्क, अतिरिक्त उत्पाद शुल्क, अतिरिक्त सीमा शुल्क, विशेष अतिरिक्त सेवा कर तथा वे उपकर और अधिभर, जो वस्तुओं या सेवाओं की आपूर्ति से संबंधित है। इसी क्रम में जीएसटी में जिन राज्य करों को सम्मिलित किया गया है, वे हैं– राज्य वैट, बिक्री कर, खरीद कर, विलासिता कर, सभी तरह के प्रवेश कर, मनोरंजन कर, निज्ञापनों पर कर, लॉटरियों, सट्टेबाजी व जुए पर लगने वाले कर तथा राज्यों के वे उपकर और अधिभार, जो वस्तुओं अथवा सेवाओं की आपूर्ति से संबंधित हैं। इस तरह एक एकीकृत कर ढांचा तैयार किया गया है, जो कि 'एक राष्ट्र, एक बाजार और एक कर' की संकल्पना को साकार कर रहा है।

जीएसटी को मूर्त रूप देने के बाद इसे सुव्यवस्थित एवं सुगम बनाने के प्रयास भी किए गए हैं। जहां अलग–अलग श्रेणियों के करदाताओं को अलग–अलग निर्दिष्ट तिथियों तक इलेक्ट्रॉनिक तरीके से रिटर्न भरने की व्यवस्था की गई है, वही कर अदायगी के लिए करदाताओं को अनेक विकल्प भी उपलब्ध कराए गए हैं। यथा–इंटरनेट बैंकिग,डेबिट/क्रेडिट कार्ड तथा राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक फंड्स टांसफर/रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट आदि। जीएसटी के लिए पंजीकरण, भुगतान और रिटर्न संबंधी सेवाओं को सुगम बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत एक निजी कंपनी के रूप में वस्तु एवं सेवा कर नेटवर्क (जीएसटीएन) 34 आईटी, आईटीईएस तथा वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों को चुना है, जिन्हें जीएसटी सुविधा प्रदाता (जीएसटी) के रूप में अभिहित किया गया है।

केंद्र सरकार के द्वारा कैशलेस भारत एवं जीएसटी ये दो ऐसे मुद्दे है जिनके फायदे और नुकसान दोनों ही सामान्य वर्ग को झेलने पड़ते हैं। एक तरह से यह नियम सभी के लिए सुरक्षा भी प्रदान करते हैं पर छोटे व्यापारी एवं बेरोजगारी से ग्रसित युवाओं के लिए यह सुविधा पीड़ादायक भी बन रही है।

## संदर्भ


1. व्यापार दर्पण– छविनाथ पाण्डेय , अखिलेश भारत वर्गीय मारवाड़ी अग्रवाल महासभा 160, हरिसन रोड कलकत्ता
2. स्वयं के व्यापार में कदम – डॉ. बिल क्वेन रोक्ले मिंग अमेरिकन ड्रीम के लेखक
3. एफ. डी. एम. की डायरी– मोहनलाल राय
4. व्यापारिक पद्धति और यंत्र भाग–2 अमर नारायण अग्रवाल छठवां संस्करण 1995
5. उद्योग व्यापार पत्रिका– वाणिज्य उद्योग मन्त्रालय भारत सरकार नई दिल्ली
6. व्यापार तत्व व्यापार शिक्षक मेवालाल चौधरी कहलगाँव जिला भागलपुर प्रथम संस्करण 1994
7. व्यवसाय व्यवस्थापन – डॉ. प्रभाकर एस. महाले प्रशांत पब्लिकेशन्स



सहयोगी प्राध्यापक, हिंदी–विभाग
हुतात्मा जयवंतराव पाटील महाविद्यालय
हिमायतनगर, जिला– नांदेड (महाराष्ट्र)

197




Sankalp Prakashan
1569/14, New Basti Baktauripurwa
Brashpti Mandir, Naubasta, Kanpur-208021
Mob. : 94555 89663, ©70077 49872
Email : sankalpprakashankanpur@gmail.com

₹600/-
ISBN 978-81-951646-1-5


Recent Trends in Environmental Issues ❀ Dr. (Mrs.) Anju Shukla



# Recent Trends in Environmental Issues


Dr. (Mrs.) Anju Shukla




ISBN : 978-81-951646-1-5
Price : 600/-

Book Name:
Recent Trends in Environmental Issues

Edited by :
Dr. (Mrs.) Anju Shukla

© Reserved

First Published : 2021

Typesetting :
Rudra Graphics

198

*All rights reserved. No part of this publication may be reproduced, stored in a retrieval system or transmitted, in any form or by any means, mechanical, photocopying, recording or otherwise, with out prior written permission of the publishers]*

*Published by*
SANKALP PRAKASHAN
569/14, New Basti, Baktauri Purwa,
Prashpati Mandir, Naubasta, Kanpur-208021
Mob. : 94555 89663, 70077 49872
mail - sankapprakashankanpur@gmail.com

PRINTED IN INDIA
Printed at Aryan Digital, Delhi.

**सहयोगी संपादक**
डॉ. एम.एल. जायसवाल
डॉ. विवेक अम्बलकर
डॉ. मनीष तिवारी
डॉ. शिखा पहारे
प्रो. तोषिमा मिश्रा
प्रो. श्रीती सोमवंशी

## WEL COME NOTES BY ORGANISING SECRETARY



*Environment safety and make it green is the urgent need of today. All we need to maintain its neutrality as we have destroyed it with a greater speed. The misbalancing of the natural cycle of our environment is leading towards the distraction of life from the planet. Now, it has become a global issue of every country to think about this situation on greater value to maintained make it farther possibility of life on earth for this we should work as a team to make our environment clean. in short save the nature for the sake of future.*

*Saving the environment will only save the future generations. This slogan has to be inculcate in every human being. It's time to aware people about the benefits of clean and green environment. There are so many global issues on environment. Pollution, Deforestation, save water, plastic management etc. we should try to understand that resources are not free they charge all a few. So try to conserve what our children deserve Prior to the period of industrialization, the environment was in pretty good shape. However due to industrialization and rapid urbanization there has been massive exploitation of natural resources. further causing harm to the soil due to the heavy use of pesticides in agriculture leading to the deteriorating quality of soil and barren lands.*

*Single use plastics or disposable plastics are used only once before they are thrown away or recycled. These items are things like plastic bags straws, coffee stirrers , soda and water bottles and most food packaging we produce hundreds of millions of tons of plastic every year, most of which can not be recycled. It's obvious that we need to use less plastic, move towards environmentally sustainable products and services and come up with technology that recycles plastics more efficiently.*

*I am glad that our delegates' scientists researchers scholars Academicians and student as well as the participants of this National seminar 2019-20 are all here to discuss about this biggest global issues together. Yes it is the truth that "unity can bring a great change" And if our youth unite, then definitely there will be change. All we need is to focus on the problems by becoming the part of it. Try to solve it do it making others also aware of it guiding youngsters about the merits/demerits of it giving educations in schools, Colleges.*

Dr. Vivek M. Ambalkar
M.Sc. , M.Phil, Ph.D.
Head, Department of Physics

# Content

1. भारतीय समाज एवं संस्कृति में पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूकता
**डॉ. अंजू शुक्ला** 15

2. श्रीरामचरितमानस में पर्यावरण चिंतन
**डॉ. (श्रीमती) गायत्री वाजपेयी, डॉ. अश्वनी कुमार वाजपेयी** 23

3. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना की कविताओं में पर्यावरण संचेतना
**डॉ. संदीप कुमार त्रिपाठी, डॉ. समीक्षा शुक्ला** 34

4. भवानी प्रसाद मिश्र की कविताओं में पर्यावरणीय चिन्ताएं
**डॉ. राहुल शुक्ला, डॉ. अरुण कुमार, सुधीर कुमार** 39

5. पारिस्थितिकीय तंत्र की संकल्पना
**डॉ. अजय कुमार यादव** 50

6. पर्यावरण: प्राकृतिक सम्पदा की भूमिका
**डॉ. तुकाराम वैद्यनाथ चाटे** 62

7. पर्यावरण मानव दायित्व – सतत् विकास का लक्ष्य
**डॉ. (सुश्री) भावना कमाने** 67

8. पर्यावरण का बदलाव : ग्लोबल वार्मिंग का प्रभाव
**डॉ. शेख़ शहेनाज़ अहेमद** 72

9. पर्यावरण और औद्योगीकरण का प्रभाव
**डॉ. हरिणी रानी आगर, डॉ. एम.आर. आगर** 77

10. जल संरक्षण के उपाय
**डॉ. शशि गुप्ता** 82

11. पर्यावरण प्रदूषण
**प्रो. श्रीमती किरण दुबे, डॉ. एम.एस. तम्बोली** 90

12. Physico-Chemical Studies of Ponds Water of Bilaspur City (India)
**Dr. M. L. Jaiswal, Mr. Moti Lal Patle** 98

# 8

# पर्यावरण का बदलाव : ग्लोबल वार्मिंग का प्रभाव

**डॉ. शेख़ा शहेनाज़ अहेमद**

भारत में पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति प्रेम की जड़ें बहुत गहरी हैं, जिन्हें हम बराबर सींचते आए हैं। हमने धरती को 'माता' कह कर सम्बोधित किया और जीवनदायिनी नदियों को भी 'माँ' के ही समतुल्य माना। इसके पीछे धारणा यही थी कि हम इनका संरक्षण करें, ताकि ये मानव जीवन को सुखमय बनाएं। हमने बहुत पहले इस मर्म को समझ लिया था कि मानव जीवन को बनाए रखने के लिए प्रकृति एवं पर्यावरण को संरक्षित और समृद्ध बनाए रखना नितांत आवश्यक है और इन्हें क्षति पहुंचाकर सुखद मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। यही कारण है कि हम सदैव प्रकृति के प्रति आस्थानत रहे और उससे ऊर्जा और प्रेरणा प्राप्त करते रहे। जीवन के हर पहलू में प्रकृति के महत्व को सर्वोपरि रखा। यहां तक कि कर्मकांडों तक में इसकी उपेक्षा नहीं की, बल्कि इसे प्रमुखता दी। जन्म से मरण तक हम प्रकृति और पर्यावरण को साथ लेकर चले।

पहले हमारे यहां यह विधान था कि जब किसी व्यक्ति की इहलीला समाप्त हो जाती थी, तो जिस स्थान पर उसकी चिता जलाई जाती थी, उसके चारों कोनों पर मरने वाले के परिजन चार वृक्ष लगाते थे इतना ही नहीं वर्ष पर्यन्त इन पेड़ों की देख–भाल भी परिजन करते थे और इन्हें दूध व जल से सींचते थे। ऐसा विधान किसी अन्य देश में शायद ही हो। हालांकि समय ही आपाधापी, स्थानाभाव एवं जीवन–शैली में आए बदलावों के कारण यह पुरानी परंपरा अब लुप्तप्राय है और अब टहनियां गाड़ कर इस विधान को सांकेतिक रूप से पूरा किया जाता है। हालांकि आज ऐसी परंपराओं को पुनर्जीवित किए जाने की सख्त जरूरत है, ताकि धरती हरी–भरी रहे। हमें सबसे पहले ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए प्रयास करने होंगे। दुख इस बात का है कि इस समस्या से उबरने के लिए वैश्विक मंचों पर बहसें तो खूब होती हैं, किन्तु कोई व्यावहारिक पहल नहीं होती। ये मंच राजनीतिक प्रपंच के अड्डे बन गये हैं।



यही कारण है कि कोई कारगर वैश्विक पहल होती नहीं दिख रही है। समाध ाान के लिए यह सूरत बदलनी होगी। विश्व में ग्रीन हाउस गैसों के शीर्ष उत्सर्जक चीन, अमेरिका, यूरोपीय संघ, इंडोनेशिया तथा भारत हैं। चीन जहां पहले पायदान पर है, वहीं भारत पाँचवें पर। इन देशों को विशेषरूप से ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करना होगा तथा कुदरत के कहर से बचाव के लिए अपने दायित्वों को निभाना होगा। इस दिशा में कारगर पहल तथा वृक्षारोपण को बढ़ाया जाए। उत्सर्जन में जो देश आगे हैं, उनकी निगरानी की जाए तथा समय–समय पर इसकी समीक्षा की जाए कि इसमें कितनी गिरावट आई है।

ऐसी तकनीकें विकसित की जाएं, जिनसे कार्बन का उत्सर्जन कम हो तथा इन्हें अधिक से अधिक अमल में लाने के लिए विश्व के सभी देशों को प्रोत्साहित किया जाए। वैश्विक पहल को मजबूती देने के लिए विकासशील देशों का यह दायित्व बनता है कि एक संयुक्त राष्ट्र जलवायु कोष का गठन करें, ताकि इस वैश्विक समस्या से निपटने के लिए धन की कमी न आड़े आये। बायो गैस और सौर ऊर्जा के इस्तेमाल को भी बढ़ावा देकर इस समस्या से निपटा जा सकता है। इन छोटे–छोटे उपायों को अपनाने के साथ ही यह भी जरूरी है कि हम वृक्षारोपण पर अधिकाधिक ध्यान दें तथा इसके लिए लोगों को प्रेरित भी करें। सिर्फ वृक्षारोपण को प्रोत्साहित ही न करें, बल्कि वनों की कटान, वृक्षों की कटान का पुरजोर विरोध भी करें। पेड़ों को अपनी संतान की तरह प्यार और परवरिश देकर हमें देश में वृक्ष क्रांति लानी होगी।

हर व्यक्ति जीवन में यदि मात्र एक पेड़ लगाने और अपने जीवनकाल में उसकी देखभाल का संकल्प ले, तो सूरत काफी बदल सकती है। हमारे देश में वृक्षों के पोषण और पल्लवन की एक समृद्ध परंपरा रहीं है। हमारे यहां वृक्षों को पूजनीय माना जाता है। लोक पर्वो पर वृक्ष पूजन की परंपरा भी है, इसके बावजूद वनाच्छादित क्षेत्र में कमी यह इंगित करती है कि कहीं न कही हम उन दायित्वों से पीछे हटे हैं, जो पर्यावरण के संरक्षण के लिए आवश्यक हैं। संभवतः इसके लिए वह असंतुलित विकास ही जिम्मेदार है, जो प्रकृति की उपेक्षा और उसका दोहन कर किया गया।

वस्तुतः विकास के मुद्दे पर अनेक दृष्टिकोण एवं मत देखने में आते हैं। विकास के अधिक प्रबल सिद्धांत जो कि शीर्ष तल एवं उद्योगन्मुखी हैं, आलोचना का शिकार रहे हैं व उनके विकल्प भी सुझाए जाते रहे हैं। अत्यध िाक हानिकारक सिद्ध हुए धरती के संसाधन शोषण एवं भारी उद्योगों द्वारा पर्यावरण ह्रास संबंधी बढ़ी जागरूकता के वर्तमान युग में विकास के उपभोक्तावादोन्मुखी दृष्टिकोणों की कड़ी आलोचना हो रहीं है। अब हमारा दायित्व बनता है कि हम आलोचनाओं तक ही सीमित न रहें, बल्कि अच्छे

रेणामों के लिए व्यावहारिक पहल के धरातल पर खड़े होकर प्रकृति और र्यावरण में ईश्वर का प्रतिरूप देखकर उसकी उपासना करें। संभवतः तभी दूर सकेगा प्रकृति का कोप और हम उन प्राकृतिक आपदाओं से बच सकेंगे, जो :–रह कर हमे झकझोर रही है।

पर्यावरण के प्रति मानव समाज के चिन्तन एवं जागरुकता के कारण वर्ष 992 में दूसरे अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन रियो डि जेनेरियों में हुआ, स सम्मेलन को अर्थ सम्मिट के नाम से भी जाना जाता है। इसमें 150 से भी धिक देशो ने भाग लिया। इस सम्मेलन में एक बहुत ही महत्त्वपूर्ण तथा भप्रद सिद्धांत पर आम सहमति हुयी कि शान्ति विकास और पर्यावरणीय रक्षा एक दूसरे पर आश्रित है, इसमे से किसी को भी स्वतंत्र रूप से देखता म्भव नही है। यह सहमति अपने आप में एक बहुत बडी उपलब्धि है। इस म्मेलन के परिणामस्वरूप रियो नाम से एक 26 सिद्धांतो वाला दस्तावेज नाया गया जिसका मुख्य उददेश्य विश्व का संयमित एवं संतुलित विकास हालांकि इन सिद्धांतो को अपनाने मे अपना हित समझा है तथा अपने राष्ट्रीय त्त्व के कार्यक्रमों मे इसे एक प्रमुख स्थान दिया है।

विश्वव्यापी ताप वृद्धि का विश्व स्तर पर सामना करने हेतु 141 देशों के च हुआ क्योटो समझौता 16 फरवरी,2005 से लागू हो गया। ज्ञातव्य है कि ोटो में विश्व जलवायु परिवर्तन पर 1 से 11 दिसम्बर, 1997 तक एक म्मेलन आयोजित हुआ था। इस सम्मेलन के समापन पर जारी घोषणा–पत्र र्थात् "क्योटो प्रोटोकॉल" में छह गैसो (ब्2ए छ2वए ब्4ए भ्थ्ब् च्थ्ब्"थ्6ए) के सर्जन मे 1990 के स्तर पर 5.2 प्रतिशत कटौती करने पर अमेरिका सहित विकसित देशो द्वारा प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

तापवृद्धि के निवारक उपाय – विभिन्न संधियों में उल्लिखित शर्तो का भी हस्ताक्षरकर्ता देशों द्वारा कड़ाई से अनुपालन तापवृद्धि को रोकने में काफी हायक साबित हो सकता है। किन्तु इसके अतिरिक्त कई अन्य निवारक पाय है जो किए जा सकते हैं। विभिन्न देशों की सरकारों को इन उपायों को श की नीतियों में शामिल करना चाहिए ताकि इनका स्तर पर अनुपाललन को के। कुछ निवाय इस प्रकार है–

**वृक्षारोपण–** वृहद् स्तर पर वृक्षारोपण द्वारा वैश्विक ताप वृद्धि पर काफी द तक नियंत्रण प्राप्त किया जा सकता है। वृक्ष कार्बन डाइ ऑक्साइड के प्रमुख पभोक्ता है। वैज्ञानिक आकलनों के अनुसार 120 मिलियन हेक्टेयर का वन क्षेत्र तिवर्ष 780 मिलियन टन कार्बन डाइ ऑक्साइड का अवशोषण कर सकता है। सका सीधा सा आशय है कि यदि पृथ्वी की सतह में वनाच्छादित क्षेत्रों की वृद्धि र दी जाय तो मानवीय क्रिया कलाप द्वारा उत्सर्जित कार्बन डाईऑक्साइड गैस ी बड़ी मात्रा को प्राकृतिक रूप से समाप्त किया जा सकता है



बायो गैस के उपयोग का विस्तार– विकासशील देशों तथा अल्पविकसित देशों में प्रायःखाना बनाने तथा अन्य कार्यों के लिए लकड़ी, गोबर के उपले इत्यादि का उपयोग किया जाता है। बायोगैस को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

सौर ऊर्जा– जीवाश्म ईंधन के प्रयोग की अपेक्षा सौर ऊर्जा का उपयोग पर्यावरण की दृष्टि से अधिक लाभकारी हैं। सूर्य एक अक्षर ऊर्जा भंडार है। विभिन्न देशों को चाहिए कि वे अपने देश में सौर ऊर्जा के उपायोग को प्रोत्साहित दे। इसका जैसे–जैसे विस्तार होगा जीवाश्म ईंधन उपयोग घटेगा।

भारत की स्थिति– वैश्विक ताप वृद्धि पर अंतर्राष्ट्रीय चिंता में शामिल भारत ने 1992 में मांट्रियल प्रोटोकाल पर हस्ताक्षर किया था। 1998 में देश के पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा ओजोन नष्ट कारक पदार्थ अधिनियम, 1998 बनाया गया। इस अधिनियम के प्रमुख बिन्दु इस प्रकार है–

(1) ओजोन नष्ट कारक पदार्थों के उत्पादन, निर्यात, आयात हेतु पर्यावरण मंत्रालय से लाइसेंस आवश्यक

(2) ओजोन नष्ट कारक पदार्थों के उत्पादन संबंधी प्रकियाओं को समाप्त करने हेतु समय सीमा तय की गयी।

भूमण्डलीय तापन के विस्तार पर लगाम कसने के लिए यह आवश्यक है कि सर्वप्रथम वायुमण्डल में हानिकारक गैसों के सांद्रण को कम किया जाय। हानिकारक गैसों के उत्सर्जन की मात्रा को कम करने के प्रश्न पर विकसित देशों के मध्य एक द्वन्द्व की स्थिति बनी हुई है। यह तय है कि औद्योगीकीकरण का कार्य विकसित देशों में तीव्रता से हुआ है। इस प्रकार से उनकी जिम्मेदारी भी अधिक बनती है। प्रायः पिछले सभी सम्मेलनों और बैठकों में विकसित देशों ने इस जिम्मेदारी से बचने का प्रयास करते हुए विकासशील देशों को ही दोषी ठहराने का कार्य किया है। यह वास्तव में निदंनीय है। आज सभी देशों को अपने निजी हितों को त्याग कर वैश्विक हित पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। गर्म होती धरती को बचाने के लिए यदि हमने ठोस उपाय न किए तो यह संपूर्ण पृथ्वी के लिए घातक कोगा।

भारत क्योटो प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर के साथ–साथ इसकी पुष्टि भी कर चुका है। उल्लेखनीय है कि पुष्टि के बाद भी भारत पर किसी तरह की प्रतिबद्धता नहीं है और उसे ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन से किसी प्रकार की कटौती नहीं करनी है। क्योंकि वह विकसित देशों की सूची में नहीं है। क्योटों प्रोटोकॉल की पुष्टि से भारत को कई फायदे है। इससे भारत में पुनर्नवीनीकरण ऊर्जा, ऊर्जा उत्पादन तथा वनीयकरण योजना में लिवेश होगा। इसके अलावा क्योटो प्रोटोकॉल से भारत को संतुलित विकास को मद्देनजर रखते हुए स्वच्छ प्रौद्योगिकी परियोजनाओं हेतु बाहरी सहायता भी प्राप्त हो सकेगी।

## ांदर्भ

नई सहस्त्राब्दी : आज के प्रश्न और संभावित समाधान, हरिकृष्ण निगम, दरियागंज, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण 2000
पर्यावरण और जीव – प्रेमानंद चंदोला, हिमांचल पुस्तक भंडार, दिल्ली, 1990
पर्यावरण की पुकार – वेदप्रकाश दुबे, मगध प्रकाशन, दिल्ली, प्रथम संस्करण 1990
उत्तर आधुनिकतावाद और उत्तर संरचनावाद– सुधीश पचौरी हिमांचल पुस्तक भण्डार , दिल्ली 1994
पर्यावरण प्रदूषण और हम, सुजाता विष्ट , तक्षशिला प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण 1989
आधुनिक पर्यावरण समस्या, : वैदिक समाधान, संपादक स्वामी विवेकानन्द सरस्वती, वैदिक शोधा संस्थान गुरूकुल प्रभात आश्रम, मेरठ, द्वितीय संस्करण 2000

सहयोगी प्राध्यापक, हिंदी–विभाग
हुतात्मा जयवंतराव पाटील महाविद्यालय
हिमायतनगर, जिला– नांदेड (महाराष्ट्र)

202

# हिंदी - मलयालम
# साहित्य एवं सिनेमा में
# क्वीर विमर्श

सम्पादक

**डॉ.निम्मी ए.ए**



माया
प्रकाशन

# हिंदी - मलयालम साहित्य एवं सिनेमा में

# कबीर विमर्श

सम्पादक

**डॉ.निम्मी ए.ए**

**माया प्रकाशन**

कानपुर (भारत)

ISBN : 978-81-951311-8-1

पुस्तक : हिंदी-मलयालम साहित्य एवं सिनेमा में क्वीर विमर्श
संपादक : डॉ. निम्मी ए.ए.
© : संपादक
प्रकाशक : माया प्रकाशन
6A/540, आवास विकास हंसपुरम्, कानपुर–208021
मो. 9451877266, 7618879266, 6393609403
Email : mayaprakashankanpur@gmail.com

संस्करण : प्रथम : 2021
शब्द-सज्जा : रुद्र ग्राफिक्स, नौबस्ता, कानपुर
मूल्य : 750.00
मुद्रण : सार्थक प्रेस, नौबस्ता, कानपुर
जिल्दसाज : तबारक अली, पटकापुर, कानपुर

---

**Hindi-Malayalam Sahitya Evam Cinema Mein**
**Queer Vimarsh**
**Edited by :** Dr. Nimmy A.A.
*Price : Sevent Hundred Fifty Only.*

---

# अनुक्रम


पूर्व कथन viii

1. किन्नरों के बदलते तेवर और 'मैं क्यों नहीं'
डॉ. दिलीप मेहरा 21

2. ट्रांसजेंडर की मुक्ति का घोषणापत्र : पोस्ट बाक्स नं0 203 नाला सोपारा
डॉ. तसनीम सुहेल 31

3. मानवीय गरिमा के हक की वकालत : 'गुलाम मंडी'
डॉ. नवीन नन्दवाना 39

4. हिंदी कहानियों में अभिव्यक्त किन्नर जीवन की समस्याएँ
डॉ. आर. शशिधरन 53

5. 'किन्नर–केन्द्रित' सिनेमा में विमर्श का प्रादर्श
डॉ. विनय कुमार पाठक 64

6. ट्रान्स जेन्डर और बढ़ता क्राइम : कितना सच कितना झूठ
डॉ. लता चौहान 83

7. भारतीय सिनेमा में थर्ड जेंडर चेतना
डॉ. विजेंद्र प्रताप सिंह 87

8. हिंदी साहित्य और सिनेमा में ट्रान्सजेंडर का स्वरूप
डॉ. शेख शहेनाज अहेमद 101

9. भारतीय हिंदी फिल्मों में किन्नर विमर्श : 'तमन्ना'
डॉ. रजिया शहेनाज शेख अब्दुल्ला 109

10. अस्तित्व की तलाश में बढ़ते कदम : मैं क्यों नहीं
डॉ. कविश्री जायसवाल 122

11. महेंद्र भीष्म के 'पायल' की झंकृति पर झूमता लोक
डॉ. गंगाप्रसाद शर्मा 'गुणशेखर' 128

12. अस्मिता की तलाश के परिप्रेक्ष्य में : 'पुरुष तन में फँसा मेरा नारी मन'
डॉ. के. जयलक्ष्मी 144

13. तीसरी ताली में अभिव्यक्त आत्मगौरव हिजडा
डॉ. पी. प्रिया 151

14. इंसानियत की खोज में ट्रांस जेंडर
डॉ. राधामणि.सी 159

# 8

# हिंदी साहित्य और सिनेमा में ट्रान्सजेंडर का स्वरूप

डॉ. शेख शहेनाज अहेमद

**सा**हित्य और समाज का आपसी संबंध है। साहित्य समाज का दर्पण कहलाता है। साहित्य का बीज समाज में ही जन्म लेता है। अतः समाज में जो कुछ घटित होता है, साहित्य में उसकी अभिव्यक्ति होती है। कॉडवेल का कथन के अनुसार, "साहित्य का मोती समाज की सीपी में ही जन्म लेता है। समाज में जो कुछ व्याप्तत है,उसे साहित्यकार अपनी लेखनी से संवेदन बद्ध कर चिंतन का विषय बनाता है।

वैसे देखा जाए तो आज परिवर्तन में साहित्यिक दृष्टिकोन से अनेक विमर्शो की चर्चा की जा रही है। जैसे नारी विमर्श, दलित विमर्श, अल्पसंख्यक विमर्श, आदिवासी विमर्श, किन्नर विमर्श, किसान विमर्श आदि। जिसके अंतर्गत समाज के अनेक उपेक्षित वर्गोपर साहित्य में चर्चा हो रही है। सभी साहित्यकार अपने–अपने विचारोंनुसार इन विमर्शोपर चिंतन कर रहे है। ऐसी बात नही कि साहित्य में किन्नर पर पहली बार लिखा जा रहा है। महाभारत महाकाव्य में शिखंडी नाम का पात्र जो कि किन्नर था। अर्जुन ने भी अज्ञातवास में बृहन्नला किन्नर बनकर एक साल इसी रूप में व्यतीत किया था। रामायण में भी किन्नरों का उल्लेख मिलता है। कौटिल्य ने भी अपने अर्थशास्त्र के ग्रंथ में किन्नरों का उल्लेख है। यह भी सत्य है कि, ऐतिहासिक तथ्यों के अनुसार हिंदू और मुस्लिम शासक दरबार में खासतौरर पर रानियों की सुरक्षा के लिए पहरेदार के रूप में किन्नर नियुक्त किये जाते थे।

संसार में समाज ने दो वर्गो को मान्यता मिली है। स्त्री और पुरूष यही मान्यताएँ चली आ रही है। स्त्री और पुरुष को सृष्टि का आधार माना गया है। इनके अलावा भी एक और वर्ग उपस्थित है। वह है लैगिंक विकलांगता। जिसे उभयलिंगी, तृतीयलिंगी, हिजड़ा, खुसरा, किन्नर, मौसी आदि नामों से संबोधित किया जाता है। इस वर्ग को हमेशा से ही समाज द्वारा उपेक्षित किया गया, घृणित दृष्टि से देखा जाता है। वास्तव में यह समुदाय आज भी निरंतर अपने अस्तित्व के लिए लढाई लढ़ रहा है, संघर्ष कर रहा है।

किन्नर हिंदी के दो शब्दो कि 'कि' और 'नर' को मिलाकर बना है, इसका तात्पर्य हिमाचल की किन्नर जनजाति से नही है। उस वर्ग से है, जो पूर्ण रूपेण न स्त्री है और न पुरूष। वस्तुतः जिसे जनसामान्य की भाषा में शजिडजाश कहा जाता है। यह शब्द सुनते ही हमारी आँखों के सामाने एक खास तरह की भाव-भंगिमा, आचार-व्यवहार, रहन-सहन, चाल-ढाल वाले इंसानो की छवि सामाने आ जाती है। किन्नर यह शब्द हिजडों का परिमार्जित रूप है। इन्हे किन्नर कहने से इनका दर्द कम नही होता। नीरजा माधव, महेंद्र भीष्म, प्रदीप सौरभ, चित्रा मुदगल, अनुसया त्यागी, निर्मला भुराडिय आदि का साहित्य इस उपेक्षित और हाशियेकृत समाज की जीवन शैली, उनकी समस्याओं,पीडा,आकोश और संघर्ष की अकथ कथा को पाठकों के सामने प्रस्तुत करता है।

वैसे देखा जाए तो किन्नर समाज भी चार वर्गों में विभक्त है। बुचरा, नीलिमा, मनसा और और हंसा। बुचरा वर्ग के ही हिजड़े यह वास्तविक है। ये न जन्मजात स्त्री है न पुरुष।

**किन्नर–** किसी कारण वश हिजड़ा बननेवाले निलिमा वर्ग में आते है। मानसिक तौर पर हिजडो के निकट स्वंय को समझते है वह मनसा वर्ग में आते है। किसी यौन कमजोरी या अक्षमता के कारण स्वंय की नियति को हिजड़ो के साथ जोड लेते है, उन्हे हंसा कहा जाता है यानी वह हंसा वर्ग में आते है। इनमें से 'मनसा' वर्गवालों को सामान्य मनोवैज्ञानिक काऊन्सलिंग द्वारा इन्हें वास्तविक लिंग में भेजा जाता सकता है। हंसा वर्ग वालों को भी इलाज करके इनमे से अधिकांश को सामान्य अथवा स्त्री बनाया जा सकता है और ये भी अपना सामान्य जीवन जी सकते है। जो नकली हिजड़े होते हैं, उन्हे अबूला कहा जाता है। जो वास्तव में पुरुष होते है, किंतु धन के लोभ में हिजड़ो का स्वांग करते है। जीवन जीने के लिए जितनी चीजे जरूरी है वे हर इंसान के प्राथमिक अधिकारों का हिस्सा है किंतू समाज का यह हिस्सा आज भी अपने अधिकारों से वंचित है। मानव विभेद का प्रतीक यह समुदाय इंसानी अधिकारों से मरहम है। आमतौर पर यह वर्ग सामान्य जन के हर शुभ कार्य की रस्मों से जुड़ा हुआ है। परंतु इनका अपना जीवन शुभकार्यो से और शुभ कामनाओं से दर है? ऐसा क्यों? हम यह सोंचने पर विवश हो जाते है कि, समाज का यह वर्ग अपने लिए एक बेहतर जिंदगी, अपने अधिकार,शिक्षा,रोजगार आदि जैसी चिंताओं से कब मुक्त होगा। इन्हें अपना उचित अधिकार कब प्राप्त होगा।

साहित्य का अध्ययन करने के पश्चात हमे यह दिखाई देता है कि, समय-समय पर कहानियों, नाटकों एवं उपन्यासो में थर्ड जेंडर पात्र आते रहे है। साहित्य के अतीत में विचार किया जाए तोहम पाते है कि, पाण्डेय बेचन



शर्मा 'उग्र' की कुछ कहानियों में भिन्न पात्रों का जिक्र आता है वे यही किन्नर है, जिन्हे 'उग्रजी' ने लौंडेबाज नाम से प्रस्तुत किया है। लेकिन उनका उल्लेख मुख्यपात्र के रूप में नही हुआ। किन्तु समकालीन कथाकारोंने थर्ड जेंडर की ओर बडी गंभीरता से ध्यान दिया। साहित्य में वर्तमान में थर्ड जेंडर को विषय बनाकर बहुत कुछ लिखा जा रहा हैं, जिसमें उनकी जैविक संरचना से लेकर सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक संरचनाओं के भिन्न-भिन्न पहलुओं को सामने लाने का प्रयासस किया है। सन २००२ में नीरजा माधव द्वारा प्रकाशित श्यमदीपश उपन्यास हिंदी साहित्य जगत में थर्ड जेंडर पर रचित पहला स्वतंत्र उपन्यास है। यह उपन्यास लेखिका को दलित और स्त्री लेखन से दूर रखता है। तो दूसरी ओर नारी अस्मिता और शोषित उपेक्षित वर्ग के उन अन छुए पहलूओं को भी सामने रखता है। जिनकी ओर आजतक किसी की लेखनी न नही छुआ।

प्रदीप सौरभ द्वारा लिखित उपन्यास शतिसरी तालीश जो सन २०११ में प्रकाशित हुआ। इस उपन्यास में किन्नरो के अकेलेपन और समाज में इस समुदाय के प्रति मौजुद अलगाव की कहानी है। यह हिंदी का एक साहसी उपन्यास है। उपन्यास का शीर्षक ही 'तीसरी ताली' है जिससे यह स्पष्ट हो जाता है कि उसी वर्ग की ताली है, जिन्हे निजी जिंदगी में कभी तालियाँ नही मिली। पूरी उम्र तन्हाई में काटने के बावजूद किन्नर समाज में सामान्य जन-जीवन की अधूरी ख्वाहिशों को पूरा करने का प्रयास करते रहते है।

सन २०१४ में प्रकाशित निर्मला भुराडिया का उपन्यास 'गुलाममंडी' है। जिसमें संवेदना के गहन स्वर पर गुलामी के दंश को बड़ी कुशलता से अभिव्यक्त किया है। इस उपन्यास में समाज के दो तिरस्कृत वर्ग किन्नर और जिस्म फरोशी करनेवाले वर्ग की कथा को बड़ी कुशलता से समाज के समक्ष प्रस्तुत किया है। उसी के साथ-साथ मानव तस्करी निर्मोही और भयावह दुनिया की कथा ही नही बल्कि उस सच को उकेरा गया जिसे देख हमारे रोंगटे खड़े हो जाते है। इस विमर्श के बहाने हिजड़ा समुदाय के आस-पास की जो भी समस्याएँ है,उन्हे भी समेटने का प्रयास किया गया है। उपन्यास में हिजड़ो की एकसे अधिक समस्याओं को पाठको के सामने रखा गया बस,रेल,समाज में भीख माँगना। महानगर में हिजड़ो के गुटों मे संघर्ष तथा देह-व्यापार से जुड़े गुंडो द्वारा हिजड़ो को भी उस व्यापार में जबरदस्ती धमकाकर धकेलना आदि समस्याओं को लेखिका ने प्रस्तुत किया है। साथ ही उनकी सांस्कृतिक परम्पराएँ उनकी आराधना पद्धति, रहन-सहन और उनके अतीत की जानकारी भी पाठकों के समक्ष प्रस्तुत की है।

सन २०१६ में प्रकाशित चित्रा मुदगल का उपन्यास 'पोस्ट बॉक्स नं.२०३ नाला सोपारा' यह पत्रात्मक शैली में लिखा गया है। लेखिका ने इस उपन्यास द्वारा किन्नर समुदाय की वेदना, परिवार–समाज में उनके प्रति उपेक्षा, राजनिति में उनके उपयोग किए जाने की अंर्तकथा है। उपन्यास में किन्नरों को मनुष्य न समझे जाने की मानसीकता के प्रतिरोध को अभिव्यक्त करता है। साथ ही संवेदना के गहरे स्तर पर उतरकर माँ–संतानपिता के रिश्तों के माध्यम से उनके आत्मीय उपमा की तलाश करता है।

महेंद्र भिष्म दवारा लिखित गुरु पायलसिंह के जीवन संघर्ष की गाथा बयान करता 'मैं पायल' यह आत्मकथात्मक उपन्यास है। इसमें गुरु पायलसिंह की अतीत की गाथा है। प्रत्येक किन्नर का अपना जीवन होता है, उसका स्वंय का झेला संघर्ष होता है। "मैं पायल" में प्रत्येक किन्नर के अतीत के संघर्ष की झलक परिलक्षित होती है। विस्थापन का दंश कष्टकरी होता है, फिर चाहे परिवार,समाज या अपनी मिट्टी से मिला हो। प्रत्येक किन्नर को सर्वप्रथम यह दंश अपने परिवार से भुगतना पड़ता है।

किन्नर समाज की बात आती है तो हमे यह जानना जरुरी है कि वे विकलांगता के शिकार है। हमे उनके प्रति उदार और सहिष्णु होना चाहिए। उनकी अस्मिता और उनके अस्तित्व को स्वीकार करना होगा। इस संदर्भ में मानवीय सर्वोच्च न्यायालय ने एक सकारात्मक और सार्थक पहल की है। जहाँ उन्होंने विगत १५अप्रैल २०१४ में आलोच्य समाज को भारतीय संविधान के अनुच्छेद १६ (१) के अनुसार निजता और वैयक्तिक स्वतंत्रता से संबंधित सभी अधिकार दिये एवं केंद्र तथा राज्य सरकारो को शीघ्रता से इस संबंध में कार्यवाही के आदेश दिया। इसके साथ ही उन्होंने इन्हें अन्य पिछड़ा वर्ग के तहत विविध नौकरियाँ एवं शिक्षण संस्थानों में आरक्षण पाने का अधिकारी भी माना है।

सन १९९४ में लैंगिक विकलांगो को मतदान की मंजुरी दी गई थी इससे किन्नरों के लिए राजनीति के रास्ते खुल गए। मतदाता में किन्नरों के लिए राजनीति क्षेत्र में सफलता पानेवाली पहली किन्नर हिसार हरियाणा की शोभा नेहरु है, जो कि १९९५में हुए नगर निगम के चुनाव में पार्षद चूनी गयी थी। श्रीगंगानगर राजस्थान में भी किन्नर बसन्ती पार्षद बनी। मध्यप्रदेश में सन २००२ में किन्नर विधायक पार्षद व महापौर थे। देश की पहली किन्नर विधायक 'शबनम मौसी' शाहडोल जिले से सुहागपुर विधानसभा सीट से चूनी गई थी। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में २०१५ में निर्दलीय उम्मीदवार किन्नर मधुने मेयर का चुनाव जीता।

भगवंत अनमोल का 'जिंदगी ५०–५०' उपन्यास किन्नर जीवन के अनन्य पहलू खोले व दुशारियों से दो–चार कराते उन्हें मनुष्यत्व देते है। मछेद्र मोरे



के नाटक जानेमन इश्वर के अनुसार किन्नर प्राकृतिक रचना नही। यह वंशवृद्धि के लिए किन्नर गुरु द्वारा मर्द को किन्नर बनाने का परिणाम है। १९२० के आस–पास उग्रजी का कहानी संग्रह चॉकलेट और महाप्राण निराला के 'चतुर चमार', 'बिंदा महाराज' शिवप्रसाद सिंह की कहानी जिसमें अछेड हो रहे किन्नर की बहुआयामी विडम्बनाए है। एक प्राकृतिक शाप के कारण बिंदा महाराज क्रूर समाज में उपेक्षित ओर शापित जीवन जीने के लिए विवश है। कादंबरी मेहरा की 'हिजडा' में नायिका की कॉलेज के दिनों की मर्दनुमा सहपाठीन रागीनी जिजीविषा के कारण हिजडों के समुदाय में शामिल हो जाती है। किरण सिंह की कहानी 'संझा' उस समाज का मनोविज्ञान लिए है, जो बच्चे के किन्नर रूप को स्वीकारने की क्षमता ही नही रखता। बलजीत सैनी की 'अभी और कितने नरक' का नायक भी जिंदगी के इस मजाक को ग्रहण को भोग रहा है। वेब दुनिया पोर्टल में भी हुई कहानियाँ पढ़ने को मिल रही है। जैसे संजय दुबे 'पन्ना बा' आदि। काव्य जगत में भी थर्ड जेंडर के दर्द से अछुता नही रहा। निशा 'माथुर की' छोटी सी खोली में, तन्हा जीवन की तन्हाइयाँ, नीरजा मेहता की 'मैं हुँ किन्नर' में किन्नर विलाप और इंसानियत की गुहार मन छुलेती है।

स्त्री पुरुषोत्तर व्यक्तित्व के कारण थर्ड जेंडर न कभी समाज की मुख्यधारा का अंग बन सके है और न साहित्य का। लेकिन संघर्ष जारी है। संवैधानिक लड़ाई में कुछ जीत लिया है कुछ पाना बाकी है, लेकिन सामाजिक सांच से लड़ाई जारी है।

हिंदी सिनेमा में ट्रान्सजेंडर की बात की जाए तो सिनेमा में भी यह समाज पूरी तरह हाशिए परर ही रहा है। आज हिंदी सिनेमा के १०० वर्ष से अधिक हो चूके है लेकिन ट्रान्सजेंडर का जीवन, उनकी समस्याओं, उनकी सामाजिक स्थिति, समाज क उनके प्रति नजरिया, उनके प्रति किए जा रहे अमानवीय व्यवहारों को कभी भी मुकम्मल तरीरके से व्यक्त करने की कोशिश नही की गई है। यह समूह समानांतर तथा व्यावसायिक सिनेमा, दोनो रूपों से गायब रहा। हिन्दी फिल्मों में इनकी भूमिका जन्मोत्सव, विवाहोत्सव में बधाई देने नाचने गाने तथा भीख माँगने तक ही सीमित रही। सन १९७४ में आई फिल्म 'कुँवारा बाप– का मशहूर गाना सज रही गली मेरी माँ सुनहरी गोटेमें भी बधाई देनेवाले ट्रांसजेंडर

समूह को प्रदर्शित किया गया है। बाद में यह गाना इस समूह का प्रतीक बन गया और 'राजा हिंदुस्तानी' (१९९६),२०१५ में ट्रान्सजेंडर लोगों को चिढ़ाने के लिए प्रयोग किया गया। फिल्मों में भी वही दिखाया जो सामान्य रूप से समाज में दिखाई देता है। समाज की कठोर संरचना को चुनौती देनेवाली इन लोगों

की वेदना को प्रदर्शित करने की कभी आवश्यकता ही महसूस नही की गई।

ट्रान्सजेंडर पात्र को केंद्र में रखकर जो फिल्में बनी है, वह उँगली पर गिनने मात्र की है। जिसमें दरमियाँ (१९९७), दायरा (१९९७), तमन्ना(१९९७), २००५ में 'शबनम मौसी' तथा २०१४ में 'बीयांड द थर्डजेंडर'१९९१ में सड़क, २००८ में वेलकम टू सज्जनपूर, २०११ में मर्डर २ आदि। इन फिल्मों में मुख्य सहाय्यक पात्र के रूप में सड़क, वेलकम टू सज्जनपूर, मर्डर २ को शामिल किया गया है। इस प्रकार के नकारात्मक छविवाले फिल्मों का विरोध पूरे देशभर में अलग–अलग ट्रान्सजेंडर से संगठनों द्वारा किया गया। उनका कहना था पहले ही समाज में ट्रांन्सजेंडर के बारे में सच्चाई कम और अफवाह ज्यादा फैली हुई है, इस तरह के फिल्मों द्वारा उन अफवाहों को और मजबूती मिलेगी। 'सड़क' में ट्रान्सजेंडरकी भूमिका में महारानी एक वेश्या दलाल है तो मर्डर २ मे सीरियल किलर के रूप में दिखाया गया, जो जवान लड़कियों की हत्या करता है।

सन १९९४ तक ट्रान्सजेंडर पर जो फिल्में बनी उसमें भीख मांगना, बधाई देना आदि रूप ही दिखते है। लेकिन उसके बाद ट्रान्सजेंडर फिल्मों की छवि बदल रही है। उसमें अब उननकी समस्याओं को रेखांकित करने के साथ ही उन्हें भी मनुष्य समझे जाने का आग्रह किया जाने लगा ९० के दौरान एड्स आंदोलन के कारण हिजड़ो के स्वास्थ्य के लिए भी काम किया गया। सन १९९३ में वैश्विक स्तर पर वियना में अंतरराष्ट्रीय स्तरपर मानवाधिकार विमर्श के रूप में जेंडर और यौनिकता के प्रश्न पर चर्चा की गयी। इस विमर्श के कारण १९९६ में पहली बार महिला के रूप में मतदान करने का अधिकार मिला। इसी दौरान 'दरमियाँ', तमन्ना, जैसे फिल्में बनी जिसमें ट्रान्सजेंडर को प्रमुखता प्रदान की। तमन्ना फिल्म समाज के सामने दो मुल्यों या स्थितियों को रखती हैं, एक तरफ पितृसत्ताक मूल्यों के प्रतीक रणवीर चोपड़ा है जो अपने ही बच्ची को बेटी होने के कारण कचरे के डिब्बे में फिकवा देता है। वही दूसरी और पितृसत्ताक खाचे में फिट न होकर समाज से बहिष्कृत ट्रान्सजेंडर चीकू (परेश रावल) है जो उस बच्ची को कचरे के डिब्बे से उठाकर लन–पोषण करता है। जिन पूरूषोचित मूल्यों को सर्वश्रेष्ठ माना जाता है वही पूरूष कितनना अमानवीय कर रहा है। यह हमें रणवीर चोपड़ा को देखकर पता चलता है। तथाकथित मुख्यधारा के समाजपर कटाक्ष करनेवाले इसी तरह के दृश्यों का प्रयोग उस दौर की फिल्मों में देखने को मिलता है। सन १९९५ मे बॉम्बे फिल्म का दृश्य जब पूरा शहर दंगो की आग में सूलग रहा है, खून बहानेवाले हाथ बुढे, बच्चे, महिलायें फर्क नही कर रहे हो ऐसे में एक ट्रान्सजेंडर बच्चे की जान बचाकर खुद को इन्सान समझने वाले लोगों पर



सवाल खड़े करता है। सन् २००० में 'मेला' में डाकुओं से लड़ने के लिए हिजड़ो का सामने आना, २००७ में 'ट्रॉफिक सिग्नल' में दो रूपए के झंडे का भाव करते नेता को हिजड़ो का धिक्कारना,२०१० में आयी 'थेंक्स माँ' सड़क पर बच्चा छोडनेवाले माँ–बाप को गाली देना, बच्चे पैदा न कर सकने के कारण ही समाज उसे हिजड़ा कहता है, लेकिन वे स्वंय खुद क्या है जो अपने बच्चों को सडक पर फेंक देते है। फिल्म 'दरमियाँ' अपनी पटकथा और ट्रान्सजेंडर समूह को प्रमुखता से दिखाई जाने कके कारण अन्य फिल्मों की तुलना में बेजोड लगती है। जो समाज इंसान की पहचान इंसान के रूप में न करके लिंग के आधारपर करता है, वहाँ इम्मी जैसा बच्चा अपने दोस्तो द्वारा चिढ़ाए जाने पर अपने लिंग को ढूंढने के लिए परेशान होता है। उसके स्त्रैणव्यवहार पर उसकी नानी टोकती है। इम्मी की माँ (किरण खैर) जो एक अभिनेत्री भी है, समाज में बदनामी के डर से उसे (इम्मी) अपना भाई कहती है। इसके बावजूद भी इम्मी को समाज में जगह नही मिल पाती और इम्मी हिजड़ा समाज में जाना नही चाहता वह यथास्थितिवाद का विद्रोह करता है, पर उसे स्त्री–पुरूष समाज में भी अपमान और उपेक्षा का सामना करता पड़ता है। इन्हीं सब से परेशान होकर इम्मी कहता है "आपा (जो उसकी माँ है) ने मुझे पैदा होते ही हिजड़ो को दे देना चाहिए था पर अब मेरी जगह इस दुनियाँ में है और न ही हिजड़ो की दुनियाँ में, दोनों के दरमियाँ हुँ मैं।

सन १९९१ में मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव में शबनम मौसी का निर्दलीय चुनाव लड़ना और भारी मतों से जीतना भी उल्लेखनीय है। इसके बाद मध्यप्रदेश में स्थानीय चुनाओं में कई ट्रान्सजेंडर प्रत्याशीयों को लोगो द्वारा अपने प्रतिनिधी के रूप में स्वीकार्यता मिली और इस बदलाव को फिल्मी पटकथा फिल्म 'शबनम मौसी' शबनम मौसी की जीवन कथा है। एक पुलिस के घर बच्चा जन्म लेता है। बधाई देने के लिए आया हिजड़ो का समूह उस बच्चे का लिंग देखकर उसका अपने समूह पालन–पोषण करने के लिए उस परिवार से बच्चा माँग लिया जाता है। उसका नाम शबनम रखा जाता है। उसे भी अन्यय ट्रान्सजेंडरों की तरह बार–बार हिजड़ा होने का एहसास दिलाया जाता है, इस पर शबनम कहती है, "ठीक हे हम औलाद पैदा नही करत सकते, लेकिन हम अनाज पैदा कर सकते है। पढ़–लिखकर डॉक्टर, इंजिनियर, अध्यापक, कलागुरू तो बन सकते है।" शबनम जैसे लोगों का यह सवाल सामाजिक तथा संवैधानिक उपेक्षाओं से उपजा है। सन २००८ में बनी 'वेलकम टु सज्जनपूर' की मुन्नीबाई जो ग्राम प्रधान का चुनाव लड़ते हए उपहास का शिकार होती है, इसपर वह कहती है। "मैं ऐसी वैसी नही जानती, मै तो डेमोक्रेसी जानती हैं।"

इस तरह फिल्मों में मर्द,नामर्द, हिजड़ा जैसे शब्दो पर चोट करने के बजाय इन शब्दों द्वारा लोगों के अंदर के पुरुषत्व को जगाने, उसके अंदर के डर को बाहहर निकालने के लिए किया जाता रहा है। जंब इन शब्दों का प्रयोग नकारात्मक ढंग से किया जाता है तो अन्य लोगों के लिए यह संकेत होता है कि हमें उस तरह का श्असामाजिक व्यवहारश नही करना है। दूसरी तरफ जिन फिल्मों में ट्रान्सजेंडर के मुद्दो को दिखाने का प्रयास भी किया गया है। उन फिल्मों का संवाद भी सतही और समंती मूल्यों से भरा हआ मिलता है।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा सन २०१४ में पारंपारिक रूप से पहचाने जानेवाले हिजड़ा समूह को भले ही थर्ड जेंडर के रूप में पहचान मिल गई है लेकिन अभी भी यह समुदाय पाविारिक तथा सामाजिक स्वीकार्यकता प्राप्त नही कर सका है। उनके सामने स्वीकार्यता, शिक्षा, रोजगार तथा स्वास्थ जैसे मुद्दे है जो हासिल करना बाकी है। २०१४ में बनी 'बीयांड द थर्ड जेंडर' फिल्म इसी के आस–पास रची गई कहानी है। नताशा नामक ट्रान्सजेंडर अपने अकेलेपन को दूर करने के लिए तथा प्यार और स्वीकार्यता की तलाश में खुद को अकेली पाती है। धीरे–धीरे वह इस अकेलेपन को दूर करने तथा आजीविका के लिए सेक्स वर्कर के रूप में काम करती है। इस दौरान वह कई बार पुलिस द्वारा प्रताडित भी होती है। संवैधानिक रूप से तो ट्रान्सजेंडर को पहचान मिल गई है पर अभी भी पारिवारिक तथा सामाजिक स्वीकार्यता की लड़ाई यह समुदाय लड़ ही रहा है।

## संदर्भ

१. नीरजा माधव – यमदीप – सामयिक – दिल्ली
२. दिव्या माथुर एक शाम भर बाते
३. महेंद्र भिष्म – किन्नर कथा
४. प्रदीप सौरभ तीसरी ताली
५. मैं पायल – अमन प्रकाशन
६. चित्रा मुदगल – पोस्ट बॉक्स नं.२०३ नाला सोपारा
७. निर्मला भुराडिया – गुलाम मंडी
८. भगवंत अनमोल – जिंदगी ५०–५०
९. मछिंदर मोरे – जानेमन – इधर
१०. सुरेश मेहता – किन्नर गाथा

हिन्दी विभाग ह.ज.पा.म.हिमायतनगर,
नांदेड (महाराष्ट्र)


वर्तमान हिंदी साहित्य में
किसान विमर्श और
मीडिया की भूमिका
डॉ. शेख शहेनाज़ बेगम अहेमद

# वर्तमान हिंदी साहित्य में किसान विमर्श और मीडिया की भूमिका

संपादक
**डॉ. शेख शहेनाज़ बेगम अहेमद**
सहयोगी प्राध्यापक, हिंदी-विभाग
हुतात्मा जयवंतराव पाटील, महाविद्यालय
हिमायतनगर, नांदेड

**संकल्प प्रकाशन**
कानपुर (उ.प्र.)

इस पुस्तक के सर्वाधिकार सुरक्षित हैं। प्रकाशक की लिखित अनुमति के बिना इस पुस्तक या इसके किसी भी अंश का किसी भी माध्यम से अथवा ज्ञान के संग्रहण एवं पुनर्प्रयोग की प्रणाली द्वारा, किसी भी रूप में, पुनरुत्पादित अथवा संचारित-प्रसारित नहीं किया जा सकता, इसे संक्षिप्त, परिवर्धित कर प्रकाशित करना कानूनी अपराध है।

ISBN : 978-81-951646-4-6
**प्रथम संस्करण, 2021**
**© संपादकाधीन**

पुस्तक : वर्तमान हिंदी साहित्य में किसान विमर्श और मीडिया की भूमिका

संपादक : डॉ. शेख शहेनाज़ बेगम अहेमद

प्रकाशक : **संकल्प प्रकाशन**
1569/14 नई बस्ती बक्तौरीपुरवा, बृहस्पति मन्दिर, नौबस्ता, कानपुर (उ.प्र.)-208 021
दूरभाष : 094555-89663, 070077-49872
Email : sankalpprakashankanpur@gmail.com

वितरक : **समता प्रकाशन**
159/1 वार्ड नं. 12, बजरंगनगर, रूरा, कानपुर-देहात
दूरभाष : 9450139012, 9936565601
Email : samataprakashanrura@gmail.com

मूल्य : ₹ 695.00

शब्द-सज्जा : रुद्र ग्राफिक्स, हनुमन्त विहार, नौबस्ता, कानपुर-21

आवरण : गौरव शुक्ल, कानपुर-21

मुद्रण : आर्यन डिजिटल, दिल्ली

*किसानों को सादर...*



14. किसान और मीडिया
प्रा. डॉ. रत्नमाला धारबा धुळे 79

15. किसान आंदोलन और कवि बाबा नागार्जुन
डॉ. ज़हीरुद्दिन र. पठान 87

16. 'माटी का योद्धा' कवि केदारनाथ अग्रवाल पर केन्द्रित
डॉ. माधुरी पाण्डेय गर्ग 93

17. कृषिमित् कृषस्व (कृषि करो)
डॉ. नौनिहाल गौतम 104

18. किसान विमर्श : काव्य के संदर्भ में
सब लेफ्टिनेंट डॉ. मोहम्मद शाकिर शेख 108

19. भारतीय किसानों के संघर्षपूर्ण जीवन का दस्तावेज : हिंदी गद्य साहित्य
डॉ. जितेंद्र पितांबर पाटील 112

20. किसान कवि 'धूमिल'
डॉ. माजिदा एम 118

21. किसान जीवन के यथार्थ का दस्तावेज़ जनकवि नागार्जुन का 'युगधारा'
डॉ. अंबिली.टी 124

22. समकालीन हिन्दी कविता में भारतीय किसान
डॉ. लता डी. 131

23. रामदरश मिश्र के उपन्यासों में किसान विमर्श
डॉ. शबाना हबीब 136

24. किसान विमर्श और साहित्य
विश्वनाथ कश्यप 141

25. किसानों के आत्महत्या की वास्तविकता – हत्या कहानी के संदर्भ में
प्रा. डॉ. संगिता लोमटे 145

26. प्रेमचंद के साहित्य में किसान की स्थिति
डॉ. शेखर घुंगरवार 151

27. प्रेमचंद के किसान की प्रासंगिकता साहित्य के माध्यम से
डॉ. दीपक विनायकराव पवार 157

28. वर्तमान हिंदी साहित्य में किसान आंदोलन और मीडिया की भूमिका
डॉ. शेख शहेनाज़ बेगम अहेमद 162

29. भारत में किसान आंदोलन
डॉ. भावना कमाने 170

30. वर्तमान हिन्दी साहित्य में किसान समस्या
डॉ. ज्ञानेश्वर गणपतराव रानभरे 174

31. फणीश्वर नाथ रेणु– आँचलिकता एवं किसान अवलोकन
डॉ. तुकाराम घाटे 179

32. हिन्दी साहित्य में किसान एवं कथाकार संजीव
विकास मच्छिंद्र परदेशी 184

33. मीडिया एवं किसान : दशा एवं दिशा
डॉ. शशि गुप्ता 189

34. किसान आन्दोलन एवं मीडिया (प्रेमचन्द के प्रेमाश्रम के विशेष संदर्भ)
श्री हीरेन्द्र गौतम 194

35. साहित्य और मीडिया : बाजारवाद का आधुनिक संदर्भ
प्रेम कमल उत्तम 197

# 28

# वर्तमान हिंदी साहित्य में किसान आंदोलन और मीडिया की भूमिका

डॉ. शेख शहेनाज बेगम अहेमद

भारत एक कृषिप्रधान देश है। भारत की एक तिहाई जनसंख्या खेती पर ही निर्भर है। वह हमारा अन्नदाता है। आज किसान बहुत बुरी हालत से गुजर रहा है। किसानों की समस्याओं की दशा जानने से पूर्व हमें यह जानना होगा कि किसान किसे कहते है। यह किसान शब्द आया कहाँ से, किसान अर्थात खेती या कृषि से निर्वाह करनेवाला वर्ग किसान कहलाता है। भारत में परम्परागत राजाओं को भी कृषि या खेती से जोड़कर देखने का लोक और शिष्ट साहित्य मे उल्लेख मिलता है। जैसे– रामायण में राजा जनक, महाभारत में वीर बलराम 'हलधर' के रूप मे, राजा भोज को डोकरी मलिन के द्वारा शिक्षित के संदर्भ में।

किसान वह जो खेती–बारी का काम करता हो, खेतों को जोतने, उनमें बीज बोने, होने वाली फसल की कटाई करने आदि काम करनेवाला व्यक्ति किसान कहा जाता है। तुलसी ने भी एक जगह उल्लेख किया है–

'तुलसी यह तन खेत है बच करम किसान'[1] बै.स.51

उपरोक्त परिभाषाओं के आधार पर यह कहा जा सकता है किसान शब्द ने कृषि–संस्कृति से कृषक से किसान तक की यात्रा तय की है। किसान शब्द मूल रूप से प्राकृत भाषा से आया है। इसका मूल अर्थ बहुत कम ही परिवर्तित हुआ है। समाजवादी विचारक राममनोहर लोहिया ने 'किसान' के संबंध में कहा है कि, "औद्योगिक मजदूर अब सही माने में सर्वहारा नहीं रह गया, भारत जैसे देश मे तो गरीब किसान और भूमिहीन किसान ही सही अर्थो में क्रांतिकारी हो सकते है।"[2] कृषि पर आधारीत हमें चार वर्ग दिखाई देते हैं। वे हैं–

1. भूमिपति या जागीदार, धनाढ्य किसान या नवसामन्त 2. मंझौले किसान 3. छोटी जोत के किसान 4. खेतिहर–मजदूर और कृषिदास।

यहाँ कृषि से जुड़े वर्ग को किसान की श्रेणी के अंतर्गत रखा जाता है। प्रश्न यह कि जमीनदार (भूमिपति) और कृषिदास का हित क्या है। धनाढ्य किसान परंपरागत भूमिपति को चुनौती देते हुए अपनी नवीन छवि और अस्मिता का निर्माणा करता है, जिसके कारण दोनों में संघर्ष चलता है। एक अपनी



परंपरागत स्थिति बरकरार रखना चाहता है तो दूसरा उत्पादन प्रणाली के अंतर्गत अपने को स्थापित करना चाहता है। यहाँ संघर्ष केवल आर्थिक नहीं रह जाता बल्कि इसमें सामाजिक वर्गों की राजनीति, प्रशासन और सत्ता से गठजोड़ की शक्ति करती है।

जब हम बात करते हैं किसान आंदोलनों की तो भारत में किसान आंदोलन का एक लंबा इतिहास रहा है। देश में सहजानंद सरस्वती जैसे किसान नेता हुए हैं, जिन्होंने ब्रिटिश राज में यूनियन का गठन किया था। आजादी के पूर्व से देश में किसानों के कई विद्रोह और संघर्ष हुए, ये सब इतिहास के पन्नों में दर्ज हैं। ब्रिटिश सरकार की हुकूमत में किसानों पर कई प्रकार के लगान लगाए गए जिसके विरुद्ध देश में अलग–अलग प्रदेशों में प्रदर्शन हुए थे।

किसानों का सबसे प्रभावशाली आंदोलन सर्वप्रथम 1917 में में अवध प्रांत में हुआ। तब से लेकर यह सिलसिला चलता रहा। यह संघर्ष इतना बड़ा था कि इसकी खबर पूरे देश में फैल गई और महाराष्ट्र के किसान नेता बाबा रामचंदर कई किसानों के साथ इस आंदोलन में शामिल हो गए। बाबा रामचंदर को पूरी रामकथा कंठस्थ थी और वो गाँव–गाँव घूमकर उसे सुनाते और किसानों को इकठ्ठा करने का काम करते।

पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपनी जीवनी में इस आंदोलन का उल्लेख करते हुए कहा कि बाबा रामचंदर अवध में हुए किसान आंदोलन से काफी कुछ सीखा था। उत्तर भारत में अवध किसान सभा किसानों के सबसे मजबूत संगठन के रूप में उभर कर आया। उत्तर प्रदेश के किसान, ब्रिटिश हुकूमत की ओर से लगान में वृद्धि और उपज के रूप में लगान की वसूली के खिलाफ एकजुट होने लगे और उन्होंने एक आंदोलन शुरू किया अवध के किसान आंदोलन से ठीक एक वर्ष पहले महात्मा गांधी अफ्रीका से भारत लौटे। वे उत्तर भारत में हो रहे किसानों के शोषण को लेकर बहुत विचलित हुए। ब्रिटिश हुकूमत के काश्तकारी कानून में किसानों के लिए नील की खेती को अनिवार्य कर दिया गया था। किसान इस कानून से छुटकारा पाना चाहते थे। अरविंद सिंह कहते हैं कि, "महात्मा गांधी 10 अप्रेल को चंपारण पहुँचे और उन्होंने 15 अप्रेल से चंपारण में इस कानून के खिलाफ़ सत्याग्रह शुरू कर दिया था।"[2]

चंपारण सत्याग्रह की तरह ही उसी दौरान सरदार पटेल के नेतृत्व में गुजरात के खेड़ा और बरदोली में किसानों का भी सत्याग्रह आंदोलन हुआ। इसी आंदोलन के कारण वल्लभभाई पटेल को 'सरदार' की उपाधि दी गई। सन 1930 के दशक में ही महात्मा गांधी के आव्हान पर चौरी–चौरा आंदोलन भी हुआ। गांधीजी के साथ भारत भर में किसान एकजुट होने लगे और सन 1936 में सहजानंद सरस्वती के नेतृत्व में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी ने अखिल भारती

किसान सभा का गठन किया। इसी तरह आजादी के बाद भी आंदोलन चलते रहे। लालबहादुर शास्त्री के प्रधानमंत्री रहते हुए सन 1965 में हरित क्रांति आई, जिसने उत्तर भारत और पंजाब के किसानों को आत्मनिर्भर बनाया ही, साथ ही भारत में कृषि उत्पादन में भी काफी बढ़ोतरी हुई। लेकिन दूसरे राज्यों में किसानों के सामने कई समस्याएँ खड़ी होने लगीं।

किसानों को हर बार राजनीतिक दलों से संघर्ष करना पड़ा। किसानों की मांग थी कि सरकार उनकी उपज का दाम सन 1967 से तय करे। महेंद्र सिंह टिकैत ने कई विदेश यात्राएँ की किसानों की समस्याओं और कानून को बखूबी समझा और उन्होंने मुफ्ती मुहम्मद सईद को समर्थन देकर लोकसभा में भेजा। नौबत यहाँ तक आयी कि उनके खिलाफ मायावती ने अनुसूचित उत्पीडन कानून के तहत मामला दर्ज कराया, तो सन् 1990 में मुलायम सिंह सरकार ने उन्हें गिरफ्तार करवाया।

भारत में आजादी के बाद से लेकर आज तक हुए किसानों के आंदोलन या संघर्ष को देखा जाए तो यह स्पष्ट होता है कि, किसान संघर्ष तो करते रहते हैं, लेकिन जब बात वोट की होती है, तो उनका विरोध और आंदोलन वोट के रूप में परिवर्तित नहीं होता है। मिसाल के रूप में मध्यप्रदेश के जिस मंदसौर में किसानों का सत्तापक्ष के उम्मीदवार फिर से जीतकर आए जबकि किसानों ने उनपर अनदेखी के गंभीर आरोप लगाए थे। यही सवाल जब भारतीय किसान संघर्ष समिती के नेता वी.एम.सिंह से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि, जब 80 के दशक तक किसान आंदोलन हो रहे थे, तो किसान जाति और धर्म के नाम पर बँटा हुआ नहीं था। और वे आगे कहते हैं, "किसानों के आंदोलनों के बाद राजनीतिक दलों को पता चल गया कि ये कितनी बड़ी ताकत है। इस एकता को तोड़ने के लिए राजनीतिक दलों ने किसानों के बीच जाति और धर्म के नाम पर फूट डालनी शुरू की। किसान इस जाल में फँस गए। यही वजह है कि किसानों की आवाज संसद और विधानसभाओं में ठीक तरह से नहीं उठ पाती।"[3]

अखिल भारतीय किसान सभा के विजू कृष्णन का कहना है कि, "किसान जब एकजुट रहे, उन्होंने सरकारों को झुकने पर मजबूर किया। सरकारों ने उनके आंदोलन को गंभीरता से भी लिया क्योंकि देश में बड़ी आबादी किसानों की है। किसानों की कमजोरी का फायदा राजनीतिक दाल और चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार उठाने की कोशिश करते रहे हैं।"[4]

माओवादी कम्युनिस्ट पार्टी के ट्रेड युनियन के उपाध्यक्ष ज्ञान शंकर मजूमदार कहते, "हमने देखा है कि जब किसानों में एकजुटता रही तो मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री उनसे मिलने जाते थे। लेकिन राजनीतिक दलों ने किसानों को तोड़ने का काम किया जिससे उनकी ताकत कम हुई और नौबत



ऐसी है कि वो अब महीनों भी आंदोलन कर लें, उनसे मिलने या उनकी मांगों के बारे में बातचीत करने के लिए कोई अधिकारी या नेता नहीं जाता।"[5]

केंद्र सरकार ने कई तरह की योजनाओं की घोषणा की है लेकिन अभी इसका प्रभाव इतनी जल्दी नहीं दिखेगा। आज जिस प्रकार से मानसून बदलाव हो रहा है इससे सीधा प्रभावित किसान वर्ग ही हो रहा है। आज भी देश में कृषि सरकार का जुआ है। जहाँ कृषि पूरी तरह मानसून पर निर्भर है वही कृषि का सबसे ज्यादा नुकसान तब होगा जब उसके द्वारा किए गए उत्पादन का सही दाम हासिल नहीं हो पाता है। सरकार ने घोषणा की है कि किसानों के लिए नई मंडिया बनाई जाएँगी। नई मंडिया बनाई भी जा रही हैं। लेकिन यहाँ ध्यान में रखना होगा कि इस मंडी से किसानों को कितना लाभ होगा क्योंकि यहाँ भी बिचौलिए अपना काम लेंगे और किसान को फिर भी मेहनत की कीमत नहीं मिल पाएगी। सबसे अहम बात है कि विपणन नीति को सुधारा जाए, अभी तक कृषि उत्पाद में बिचौलिए की भूमिका अहम है जिसको किसी भी प्रकार से खत्म करने या कम करने की आवश्यकता है। बिचौलिए कम होंगे तभी किसानों को अपनी फसल की पहले से ज्यादा कीमत हासिल होगी। इससे उपभोक्ता को भी किफायती दामों पर उत्पाद हासिल होगा।

आधुनिक काल में लोकसाहित्य के अलावा किसानों की प्रथम बार गद्यात्मक रूप में अभिव्यक्ति बंगला के 'नीलदर्पण' नाटक में हुई है। यह नाटक 1858 के किसान विद्रोह पर आधारित है। इस नाटक पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसमें खेतिहर, मजदूर, किसान और संभ्रात भू–स्वामी के रिश्तों के नये ब्रिटिश सत्ता के खिलाफ़ में चित्रित किया गया है। इस नाटक का पात्र तोरापनाम का संवाद, "चाहे मार क्यों न डाले, मैं नमकहरामी नहीं करूँगा जिन बड़े बाबू की वजह से जान बची है, जिनकी जमींदारी में खेती करता हूँ, जो बड़े बाबू हल–बैल बचाने को परेशान हैं, झूठी गवाही देकर उन्हीं बड़े बाबू के बाप को कैद कराऊँ? मुझसे कभी नहीं होगा, चाहे जान चली जाए।"[6] इसी नाटक का एक पात्र गोपीनाथ का संवाद है कि– "तुम्हारे चावल परतो राख पड़ा गयी। नील के यम का तुम पर आक्रमण हुआ। अब तुम नहीं बच सकते।"[7] नील की खेती के विरोध में भारत वर्ष का किसान 19वीं सदी से लेकर 20वीं सदी के दूसरे दरार तक रहा। इसके विरोध में किसान एकजुट हुए। उनमें अपनी अस्मिता का बोध और अस्तित्व रक्षा का भाव पैदा हुआ। इस रूप में देखें तो 'नीलदर्पण' नाटक का किसान आंदोलनों के परिप्रेक्ष्य में ऐतिहासिक महत्व है।

इसके पश्चात् उड़िया के उपन्यासकार फकीर मोहन सेनापति का 'छह मण आठ गुण्ड' (1897) उपन्यास प्रकाशित हुआ। इस उपन्यास में परंपरागत कृषि आधारित समाज के बदलते रूप को अभिव्यक्ति प्राप्त हुई है। राजस्थान का 'बिजोलिया' आंदोलन प्रजा–शक्ति से उत्पन्न हुआ। गुजरात का 'बारदोली'

किसान आंदोलन गांधीवादी तरीकों को अपनाकर सफलता प्राप्त करने वाला पहला किसान आंदोलन था। 20वीं शताब्दी के तीसरे दशक के कृषक आंदोलनों की एक प्रमुख विशेषता की ओर ध्यान आकृष्ट किया है कि– "कृषक चेतना व जुझारूपन ने अपने को संगठित रूप से सुदृढ करने का प्रयास किया।"[8]

इसी कालखंड में प्रेमचंद का लेखन युग–धर्म की प्रतिध्वनि बनता है। प्रेमचंद किसान को ग्रामीण तंत्र और नई आर्थिक व्यवस्था के तले दबते हुए देखते है। इसे वे 'महाजनी सभ्यता' के नाम से संबोधित करते है। जिसमें पूँजीवाद का प्रेत पुराने मानों–प्रतिमानों को लीलता जा रहा है। नये सामाजिक–संबंध अर्थ की पिशाच भूमि पर अवस्थित हो रहे हैं। अर्थात् अर्थ ही युग धर्म है। इस महाजनी सभ्यता में किसान की रंगभूमि का मसान होना तय है। यह मसान गोदान के साथ होगा। प्रेमचंद लिखते है कि, "पुरानी सभ्यता सर्वजन–सुलभ, प्रजातांत्रिक थी। ज्ञान और उपासना का, गंभीरता और सहिष्णुता का सम्मान राजा भी करता था और किसान भी करता था। आधुनिक प्रणाली ने जनसाधारण को अपनी परिधि से बाहर कर दिया है। उसने अपनी दीवार आडंबर पर खडी की है। भौतिकता और स्वार्थपरता उसकी आत्मा है। इसके बावजूद जनतांत्रिक ही आधुनिक सभ्यता का सबसे प्रधान गुण कहा जाता है।"[9]

प्रेमचंद की पसधरता उत्पादक एवं मेहनतकश वर्गों के साथ थी। प्रेमचंद अपने वैचारिक–लेखन में एक ओर वास्तविकता या यथार्थ लेकर चलते हैं। जैसे– "क्या यह शर्म की बात नहीं कि जिस देश में नब्बे फ़ीसदी आबादी किसानों की हो उस देश में कोई किसान सभा, कोई किसानों की भलाई का आंदोलन, कोई खेती का विद्यालय,किसानों की भलाई का कोई व्यवस्थित प्रयत्न न हो। सैंकड़ों मदरसे और कॉलेज बनवाये, युनिवर्सिटियाँ खोली और अनेक आंदोलन चलाये मगर किसके लिए? सिर्फ अपने लिए, सिर्फ अपना प्रभुत्व बढाने के लिए। और शायद अपने राष्ट्र की जो कसौटी आपके दिमाग में थी उसको देखते हुए आपका आचरण जरा भी आपत्तिजनक न था। मगर नये जमाने ने एक नया पन्ना पलटा है। आनेवाला जमाना अब किसानों और मजदूरों का है। दुनिया की रफ़्तार इसका साफ़ सबूत दे रही है।"[10]

पूंजीपतियों ने किसानों की खेती उजाड़ दी है। नई महाजनी सभ्यता के प्रेत से लड़ने के लिए एक नई समाज–व्यवस्था के स्वप्न को लेकर सिध्दांत पश्चिम से उदित हो रहा है जो नई संभावनाएँ पैदा करता है। यह अति आशावाद आज घनीभूत अंधकार में मिट–सा गया है। सन 1980 के दशक तक किसान मुद्दे प्राथमिक हो रहे थे क्योंकि किसानों ने अराजनीतिक अर्थात् मौजूदा राजनीतिक दलों की संस्कृति और तिकड़न से अपने को अलग रखा। एक नई राजनीति की शुरुवात की। लेकिन 1990 के आसपास नयी आर्थिकी और नेतृत्व किसान आंदोलन को कमजोर कर दिया।



किसान ने सन् साठ के दशक के उत्तरार्ध में अपनी ताकत से पहचान करायी। इसी दौर को आधार बनाकर विनोदकुमार ने 'समर शेष है' उपन्यास लिखा तो महाश्वेता देवी ने '1084 की माँ' उपन्यास की रचना की। जिसमें नक्सलबाडी आंदोलन की दस्तक की पूरी कथा भूमि के वातावरण पर हावी है। इसी दौर में सर्वाधिक सामाजिक आंदोलनों का दौर हुआ। इन आंदोलनों में मजदूर, दलित, स्त्री और जनजातीय या आदिवासी सामाजिक वर्गों का प्रमुख स्वर है। इनमें दलितोंने भूमिहीन वर्ग के रूप में और मजूरों ने भी भूमि की आकांक्षा की चाह में आंदोलन किये। ये सामाजिक जातीय संघर्ष के साथ–साथ आर्थिक सवाल को विशेषकर भूमि के प्रश्न को प्रासंगिक बनाते है। इसी प्रकार 'छप्पर' उपन्यास में भी एक प्रमुख मुद्दा है। इन्हीं आंदोलनों को और भूमिहीन तथा जनजातिय आंदोलन का दौर चल पड़ा। कोलों, संथालों,भीलो और खासी समुदायों के आंदोलन भूमि से जुडे हूए थे। इनको लेकर कथाकार संजीव ने 'जंगल जहाँ शुरू होता है,' 'सावधान! नीचे आग है, 'फाँस' उपन्यास लिखे। राकेशकुमार सिंह का 'पठार पर कोहरा' 'महाअरण्य में गिध्द', नाटककार हबीब तनवीर की 'हिरमा की अमर कहानी', ऋषीकेश सुलभ का, 'धरती आबा', कथाकार मीणा का 'धूणी तपे तीर', रोजा केरकेट्टा और निर्मला पुतुल ने भी अपने साहित्य में भूमि, जन, जंगल को लेकर अभिव्यक्ति की। वीरेंद्र जैन का उपन्यास "डूब' (1991) एशियाई कृषक समाज की गतिहीनता, शक्तिहीनता, आत्मग्रस्तता, बहुआयामी उत्पीड़न सहित विभिन्न प्रकार की पेचीदगियों का प्रतिनिधित्व करता है।"[11] इस उपन्यास को पंकज नइम, सुधीश पचौरी और रामशरण जोशी ने नई आर्थिकी के अर्थशास्त्र के संदर्भ में महत्त्वपूर्ण बतलाया है। जिसमें माते का अरविंद से संवाद है– "यह क्या सुन रहे हैं महाराज। कोई समझाता क्यों नहीं इस सरकार को? आदमियों की कीमत पर जानवरों की रक्षा करना चाहती है यह? गरीबों के जीवन बलि लेकर अमीरों की तफरीह का बंदोबस्त करना चाहती है सरकार? और कोई इसका हाथ पकडने वाला नहीं बचा? कोई नही, कोई भी नहीं?"[12]

अर्थात् किसान के जीवन और जमीन से नई व्यवस्था कैसे भी खेल सकती है। किसान टैक्सपेयर वर्ग नहीं है। औद्योगिक विकास में कृषि का प्रतिशत घटा है। नेतृत्व कमजोर हुआ है। कारपोरेट दुनिया किसान की जमीन का अधिग्रहण करके नये फार्म बना रही है। उन्हें हाशियाकृत करने की यह सोच इस उपन्यास के मूल में है। जो समकालीन किसान जीवन की वास्तविकता बन रही है। जहाँ वह डूब क्षेत्र में जमीन के साथ स्वंय डूब रहा है। उसका विस्थापन हो रहा है।

कथाकार संजीव का उपन्यास 'फाँस' का किसान वर्ग सरकार के लिए फाँस ही बना हुआ है। न निकल पा रहा है और चुभन दे रहा है। रणेंद्र का

'गायब होता देश' खेतिहर समुदायों के अदृश्य होने की तस्वीर बयां करता है। इसी कड़ी में पंकज सुबीर का 'अकाल में उत्सव' (2016) उपन्यास आता है। जिसमें राजस्व प्रणाली जो कि किसान से राजस्व वसूलने के लिए बनाई गयी थी को समझाता है। "मतलब यह कि जागीरदारी के बन गए गिरदावर और पटेल के बन गए पटवारी। और राजा? है न अपना कलेक्टर, वह किसी राजा से कम है क्या? नाम बदल गए लेकिन काम वही का वही रहा।....चौकीदार, पटवारी और गिरदावर, यह तीनों कितने महत्वपूर्ण लोग हैं, यह केवल किसान ही बता सकता है। इनके पास होती है आर.आर.सी. जिसका पूरा नाम रिवेन्यू रिकवरी सर्टिफिकेट। इन आर.आर.सी.में जान फँसी होती है किसानों की।.... वसूली कितना खौफनाक शब्द है, यह कोई कर्जदार ही बता सकता है। वसूली के ठीक बाद की प्रक्रिया है कुर्की। यह जो अपने नाम से ही किसान को डराती है। कुर्की में वसूली से ज्यादा डर इज्जत उतरने का होता है। किसान, कर्जा, कलेक्टर और कुर्की चारों नामों को एकसाथ लेने में भले ही अनुप्रास अलंकार बनता है, लेकिन यह किसान ही जानता है कि इस अनुप्रास में जीवन का कितना बड़ा संत्रास छिपा हुआ है।"[13]

रामप्रसाद इस वसूली और कुर्की के धोखाधड़ी में फँस कर निरपराध आत्महत्या का शिकार बनता है। बैंकों की धांधली और रेवेन्यू विभाग की गलती से निर्दोष किसान आत्महत्या करने पर विवश होता है। 'अकाल में उत्सव' सरकारी तंत्र मानता है और किसान को मुआवजा कागजों पर मिलता है। ओमप्रकाश वाल्मिकी की 'पच्चीस चौका डेढ़ सौ' भी अशिक्षा और अज्ञानता के भँवर में पिसते भूमिहीन मजदूर की दास्तान है। लेकिन 'अकाल में उत्सव' का रामप्रसाद इस तंत्र से जूझ नहीं पाता और असमय इसकी अनीतियों का शिकार होता है।

आज भारत के किसानों के समक्ष बहुत सी समस्याएँ भी हैं और चुनौतियाँ भी हैं। वह जिसपर गर्व करता है, इठलाता था, उसको बाजार की ताकतों ने अपने कब्जे में दबोच लिया है। बीज के दाम बढ़ गये, फसल की कीमत घट गयी। रासायनिक खादों ने जमीन की उर्वरक शक्ति के बढ़ाने के साथ–साथ मिट्टी की गुणवत्ता को कम कर दिया। उसका आधार हिल गया है। कीटकनाशकों और रासायनिक औषधियों के कारण उसका स्वास्थ्य भी कमजोर हो गया है। उसकी फसल को थोक दाम नहीं मिल पाता। उसकी जमीन को सेज के नाम पर अधिग्रहण किया जा रहा है। इस वजह से वह सरकार और कार्पोरेट के विरोध में जा रहा है। किसान एकदम कठिन डगर पर पहुँच चुका है। जहाँ पर उसकी हर स्तर पर कठिनाईयाँ खड़ी होती जा रही हैं। मीडिया भी किसानों के पक्ष में नहीं है। वह हरदम किसान के विरोध में सरकार की बीन बजा रहा है। सरकार की तारीफ करते नहीं थक रहा है। किसान के अस्तित्व और अस्मिता पर गहरा संकट छाया हुआ है। अपेक्षा की जा रही है कि विचारशीलल वर्ग से, उत्पादक श्रमिकों से कि वह किसान के लड़ाई में शामिल हो, उसे न्याय दिलाए। पर ऐसा हो नहीं रहा है। किसान के पास आज भी कुशल नेतृत्व है पर उसे राजनीति और मीडिया ने खोकलाकर तोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। राजनीतिक वर्ग और मीडिया को चाहिए कि उनके नेतृत्व में संवेदनशील किसान वर्ग के बारे में सोंचे, पूरी निष्ठा से जिम्मेदारी निभाये। परंतु अफ़सोस है विचारशील वर्ग भी हाथ पर हाथ धरे किसान वर्ग का तमाशा देख रहा है। यह हमारी विडंबना नहीं तो और क्या है।



## संदर्भ


1. हिंदी व्युत्पत्ति कोश, आचार्य बच्चूलाल अवस्थी, नेशनल पब्लिशिंग हाऊस, दिल्ली, प्रथम संस्करण, 2005 पृ.सं.929
2. किसान आंदोलनः दशा और दिशा, किशन पटनायक, संपादक सुनील, राजकमल प्रकाशन, नयी दिल्ली संस्करण 2006.
3. भारत में सामाजिक आंदोलन, घनश्याम शाह, अनुवादकः हरिकृष्ण रावत, रावत पब्लिकेशन, जयपुर, संस्करण 2009.
4. किसान आंदोलनः दशा और दिशाः किशन पटनायक, संपादक सुनील, राजकमल प्रकाशन, नयी दिल्ली, संस्करण 2006.
5. वही,
6. नील दर्पण, दीनबंधु मित्र, रुपांतन्तर नेमिचंद्र जैन, भारतीय ज्ञानपीठ, नयी दिल्ली, पहला संस्करण 2006 पृ.सं.25.
7. वही, पृ.सं.17.
8. वही, पृ.सं.241
9. प्रेमचंद प्रतिनिधि संकलन, संपादक खगेंद्र ठाकुर, प्रधान संपादक – नामवरसिंह नेशनल बुक ट्रस्ट, इंडिया, नई दिल्ली, पहला संस्करण 2002, पृ.सं.161–162.
10. वही –वही –पृ.सं.170.
11. डूब – वीरेंद्र जैन, वाणी प्रकाशन, नयी दिल्ली, प्रथम संस्करण 1991, पृ.सं.02.
12. वही –वही –पृ.सं.279.
13. अकाल में उत्सव – पंकज सुबीर – शिवना प्रकाशन – सीहोर – प्रथम संस्करण जनवरी, 2016, पृ.सं.26–27.



**सहयोगी प्राध्यापक, हिंदी-विभाग**
**हुतात्मा जयवंतराव पाटील, महाविद्यालय**
**हिमायतनगर, नांदेड (महाराष्ट्र)**

# Future of Online Education in India

## भारत में ऑनलाइन शिक्षा का भविष्य

**Editor : Dr. Arti Vishnoi**



# Future of Online Education in India

## भारत में ऑनलाइन शिक्षा का भविष्य

**Editor**
Dr. Arti Visnoi

**Samata Prakashan**
Kanpur

**ISBN : 978-81-947189-1-8**
**Price : 795.00 (Seven Hundred Ninty Five Only)**

**Book Name:**

Future of Online Education in India
भारत में ऑनलाइन शिक्षा का भविष्य

**Edited by :**

Dr. Arti Visnoi

© **Reserved**

**First Published :** 2021

**Typesetting :**

Rudra Graphics

*[All rights reserved. No part of this publication may be reproduced, stored in a retrieval system or transmitted, in any form or by any means, mechanical, photocopying, recording or otherwise, with out prior written permission of the publishers]*

*Published by*

SAMATA PRAKASHAN
159/1 Ward No. 12, Bajrang Nagar, Rura,
Kanpur Dehat (U.P.) - 209 303
Mob. : 9450139012, 9936565601
Email - samataprakashanrura@gmail.com

PRINTED IN INDIA

Printed at Sarthak Printer, Kanpur.

15. IMPACT ON COVID-19 ON ONLINE EDUCATION
**Shashi Shekhar** 129
16. CHALLENGES OF ONLINE EDUCATION IN INDIA
**Ouseen Gautam** 134
17. ऑनलाइन शिक्षा व ऑफलाइन शिक्षा में अन्तर
**डॉ. मीना गुप्ता** 141
18. भारत में ऑनलाइन शिक्षा का भविष्य
**डॉ. निधि कश्यप, अनुराधा पाण्डेय** 145
19. प्रौद्योगिकी तथा ई–लर्निंग में युवाओं का भविष्य
**डॉ. एम.आर. आगर** 152
20. लॉकडाउन एवं सोशल डिस्टेन्सिंग के दौर में शिक्षा–व्यवस्था
**डॉ. हरिणी रानी आगर** 159
21. ई–लर्निंग या प्रौद्योगिकीपरक शिक्षा
**डॉ. आरती विश्नोई, शैलेश कुमार** 163
22. वर्तमान परिप्रेक्ष्य में ऑनलाइन शिक्षा के फायदे व नुकसान
**डॉ. निधि श्रीवास्तव, डॉ. सुधा अग्रवाल** 173
23. ऑनलाइन शिक्षा का छात्रों पर प्रभाव
**प्रा. रघुनाथ नामदेव वाकले** 178
24. कोविड –19 महामारी में ऑनलाइन शिक्षा की प्रासांगिकता एवं चुनौतियाँ
**चन्द्रप्रभा** 183
25. वर्तमान परिप्रेक्ष्य में शिक्षा की चुनौतियाँ
**डॉ. शेख शहेनाज अहेमद** 187
26. भारतीय शैक्षिक व्यवस्था में ऑनलाइन शिक्षा का महत्व
**डॉ. तुकाराम चाटे, डॉ. अरुण कुमार** 193
27. ऑनलाइन शिक्षा एवं ई–कंटेंट का निर्माण
**अनिल कुमार** 199
28. शिक्षा नीति 2020 में ऑनलाइन शिक्षा की भूमिका
**डॉ. जयश्री किनारीवाल–कुमावत** 213
29. ऑनलाइन पर निर्भरता समस्त कार्यप्रणालियों की हानि या लाभ
**प्रेम कमल उत्तम** 217
30. शिक्षा के परिप्रेक्ष्य में ऑनलाइन की उपयोगिता
**सुधीर कुमार, सन्तोष कुमार शाहू** 222
31. डिजिटल शिक्षा की प्रासंगिकता व चुनौतियां
**लक्ष्मी देवी** 227

# 25

# वर्तमान परिप्रेक्ष्य में शिक्षा की चुनौतियाँ

डॉ. शेख शहेनाज अहेमद

यह एक अखण्ड सत्य है कि समाज देश तथा विश्व की तमाम गतिविधियाँ लगभग शिक्षा नीति पर ही आधारित होती हैं। या अगर कहें की समाज की नीव ही वर्तमान हो या भविष्य शिक्षा पर टिकी है तो बिल्कुल भी गलत नहीं होगा। उसका विशेष कारण इस बात से है की समय अगर उपयुक्त नही है एवं समय के साथ हम कुछ विशेष नही कर पाये तो यह निश्चित है की अपने कार्य क्षेत्र में कई मुना पीछे की ओर चले जायेंगे। जिससे हानि होना निश्चित ही है। आज के विकट समय में शिक्षा समस्त पहुलुओं से अधिक सभी के लिए एक चुनौती बन गई है। वैश्विक महामारी की यह अवस्था हमारे समाज को एक ऐसी दिशा में लाकर छोड़ा है जहां कि सभी कार्य सामान्य परिस्थितियों से बिल्कुल भिन्न हो गये हैं। दरअसल समस्त गतिविधियों को परखते हुए यह बात स्पष्ट है कि इस समय के मौजूदा संकटों के आधार पर हम महामारी के सन्दर्भ में यह बात अवश्य कह सकते हैं कि अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों की वैधानिकता में इस महामारी के कारण बहुत कुछ गिरावट आती हुई नजर आ रही है। हमारे देश के कई वैश्विक संगठन आदि की और जब निगाह जाती है तो सभी एक अथाह गहराई में डुबे हुए दिखते हैं। पर इसी बीच महगाई के इस दौर में प्रत्येक व्यक्ति का जीवन भी दुस्तर हो गया है। बेरोजगारी की मार झेल रहे युवा पीढ़ी का वर्तमान परिदृश्य की दृष्टि से अवलोकन किया जाय तो यह देखने को मिलता है कि पढ़ी–लिखी ग्रेजुएट पीढ़ी भी दर–बदर भटक रही है, एवं इसके अलावा भी अपनी योग्यता को दॉवपर लगाने का भी कोई खास मतलब नही है। तमाम गतिविधियों का अवलोकन किया जाय तो प्रत्येक वर्ग की समस्या इस समय अभावों से जूझना ही है। परन्तु इसमें भी सबसे अधिक अव्यवस्था मुख्यतः निचले तबके के लोगों का जन–जीवन अधिकांश अभावग्रसित हो गया है। सामान्य सी बात है कि प्रत्येक व्यक्तियों का जन–जीवन निरन्तर ही किसी–न–किसी तरह से वैश्विक स्थिति पर ही निर्भर करता है। मानव की

आवश्यक वस्तुओं का अर्जन भी उनके रोज के कियाओं पर ही सम्भव है। दरअसल एक तरह से देखा जांय तो वायरस एक ऐसा संकमण है जो कि प्रत्येक विभाग में अपनी छाप छोड़ कर उनको अपनी गिरफ्त में ले लिया है।

हालांकि यह वायरस प्राकृतिक आपदा नही है परन्तु यह कहा जाता है कि तापमान में वृद्धि भी संसार में नये और खतरनाक वायरस को जन्म देने में सहायक है। हर संकट के पीछे कुछ न कुछ कारण अवश्य ही होता है, इसका भी है प्रायः यही माना जा रहा है कि चीन में खान–पान की लापरवाही से यह वायरस आया है। परन्तु ठोस तथा प्रमुख कारण अब तक नही मालुम हुआ जिससे की इस पर काबू पाया जा सके, जीवन की पूरी तरह से गतिविधियां ही परिवर्तित हो गई है सामान्य सी बीमारी के कारण भी आज व्यक्ति इतना भयभीत है की वह इलाज के लिए चिकित्सक के पास तक नही जाता है उसे यह भय रहता है की कही कोरोना तो नही इस प्रकार की चिंताएं लोगों अन्दर ही अन्दर पूरी तरह से तोड़ रही हैं। इस बात को लेकर पूरे देश में सहमति है कि अगले आने वाले भविष्य में इसका प्रभाव अधिकतर दिखेगा। क्योंकि अगले कुछ सालों तक कोविड–19 के प्रभाव से जूझती रहेगी एवं फिर उबरने के बाद पुनर्निर्माण की प्रकिया में लग जायेंगें। जहां आज प्रत्येक स्तर पर लोगों के छोटे–मोटे कार्य नौकरी सब छूट गये हैं व्यापारिक काम बन्द होने पर किसी भी वस्तु की आपूर्ति नही हो पाती है। दरअसल इस वैश्विक महामारी के कारण सभी संस्थानों का पूर्णरूप से ठप होना एक तरह से युवाओं की विशेष प्रकार की हानि को दर्शाता है । युवा हमारे विश्व की बागडोर सम्भालने वाले कर्णधार हैं जिनके हांथों में सारे समाज की जिम्मेदारी का बोझ है। किन्तु शिक्षा के सम्बन्ध में यह कहना चाहेंगे की इसका ठप होना पूरे विश्व की हार है। इसकी पुष्टि इस समय सबसे दमरकारी एवं सर्वनाश का रूप लेती कोरोना महामारी की मार से है जो कि हमारे समाज को अस्त–व्यस्त कर मानव–जाति की विडम्बनाओं को और भी बढ़ावा दिया है। इसका प्रभाव समस्त कार्य–काल पर बहुत ही भयानक होने वाला है। वास्तव में कोरोना एक ऐसी वैश्विक समस्या बनकर सम्पूर्ण विश्व को तबाह कर दिया है प्रथम बार यह चीन से आया और देखते ही देखते सारे विश्व को अपने गिरफ्त में ले लिया है। यह वायरस पुर्णतः चीन से आया हुआ ही है, और धीरे–धीरे यह सारे संसार को अपने चपेट में ले चुका है। शनैः शनैः यह कोरोना एक छोटे से वायरस से एक वैश्विक महामारी के रूप में सभी प्राणियों की रोजमर्रा के जीवन पर अपना स्थान बना लिया है। इसके आने से सम्पूर्ण विश्व के साथ जुड़ी अनेक मजबूत प्रणालियों का आपस में जो व्यापारिक या गैर व्यापारिक सबंध थे वो भी अब कोरोना की महामारी के कारण ये सभी कार्य पूर्णतः स्थगित हो चुके हैं। इस



वायरस से लगभग सारे काम ठप हो गये हैं लेकिन मुख्यरूप से शिक्षा एवं स्वास्थ्य अधिक ही प्रभावित हुए हैं जिसके वजह से आज तो समस्या है ही पर आने वाले दिनों में यह समस्या और भी बढ़ जायेगी जिसके प्रभाव से सारे कार्य हमेशा के लिए बदल जायेगें । आने वाले युवाओं का समय आज की परिस्थिति से साफ दिखाई दे रहा है कि किस प्रकार सभी जगहों पर लगातार तालाबन्दी का कहर तथा सोशल डिस्टेन्स की प्रक्रिया अपने चरम पर है और तबाही की पूरी तैयारी कर भविष्य की भयानक तस्वीर सबके सामने लाकर रख दी है। वर्तमान की दुविधा को देखते हुए सरकार ने शिक्षा को ऑनलाइन कर दिया है जिसके कारण शिक्षा का क्षेत्र उतना अधिक प्रभावित नहीं हो पा रहा है। उसका प्रमुख कारण है इस समय पर ऑनलाइन व्यवस्था जिसकी अनुमति सरकार के माध्यम से भी मिल चुकी है। विविध परेशानियों के बीच कहीं–न–कहीं एक प्रकाश है जिसके द्वारा इस विकट समय में भी हम अपना जीवन यापन कर पा रहे हैं। यह पूर्णतः सत्य है कि प्रत्येक परिस्थिति का प्रभाव मनुष्य की दिनचर्या पर ही होता है, चाहे वह हानिकारक हो या लाभदायक उसका भला या बुरा असर व्यक्ति को ही झेलना होता है। इसकी तो खबर सभी को है लेकिन उस पर भी सरकार की नीतियों के समक्ष हमारी रोजमर्रा की कार्यशैली भी निरन्तर प्रभावित होती है। वहीं इस काल में केन्द्र के नियमों में भी रोजाना बदलाव हो रहे हैं, उसकी भी मार सामाजिक व्यवस्था पर भी पड़ रही है।

यह भी कहा जा रहा है विशेषज्ञों कि दूरदर्शिता के अनुसार कि आने वाले कुछ दशकों के भीतर मुख्यतः युवाओं के भविष्य में कुछ बहुत महत्वपूर्ण बदलाव तथा कुछ खास तथ्य बहुत ही निर्णायक सिद्ध हो सकते हैं। क्योंकि जिस प्रकार शिक्षा की हालात है तो उसे देखकर ऐसा लगता है की हमारी विश्व शिक्षा प्रणाली पूर्णतः बदलाव की ओर अपने कदम बढ़ा रही है इसकी एक बजह यह भी है की युवाओं की दिनचर्या भी पहले की अपेक्षा काफी हद तक आज परिवर्तित हो चुकी है। जिस प्रक्रिया से पूरा विश्व एक महामारी से गुजर रहा है और इस महामारी ने हम सब को आतंकित किया है। सभी जगह भय का माहौल बना हुआ है। सब लोग प्रायः अपनी जीवनशैली चिंता तथा अभाव में जी रहे है इस कोरोना के वजह से और इस लॉकडाउन की वजह से सबका जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। ऐसे धैर्य और विशेषकर स्वास्थ्य की देखभाल की आवश्यकता है जो कि आने वाले भविष्य को भी पूर्णतः सुरक्षित करने में हमारी मदद करेगी जिससे हम फिर से अपनी–अपनी दिनचर्या को उसी प्रकार बिताने के लिए विचार कर सकते हैं। और यह इन्सान को जोड़ने के बजाय तोड़ने का काम करता है।

इस अवस्था में उन असहाय परिवारों के विषय में विचार करिए जो की सरकारी स्कूलों में बच्चों को पढाते है तथा उनके बच्चों को एक बार का भोजन वहीं मिल जाया करते थे कहने का तात्पर्य यह है की शिक्षा और भूंख दोनो की सुविधा से आज वह वन्चित हैं फिर हमारा आने वाला युवा और देश का भविष्य किस तरह से सुरक्षित रह सकता है ?जो सहायता राशि भी सरकार की तरफ से जनता तक पहुँचाई जाती है उसको भी इमानदारी से उनतक नहीं पहुंचने दिया जाता है। वास्तव में आज इस बेहद कष्टकारी तथा विकट परिस्थिति में प्रत्येक प्राणी को जीवन–शैली के साथ ही साथ उसके ढंग को भी व्यवस्थित करना ही एक उचित निर्णय होगा। इसके साथ ही जो प्रमुख है वह है नयी शिक्षा नीतियँा तैयार करने की पुरजोर प्रयास, और यह करना सरकार का प्रथम कार्य होना चाहिए, जिससे शिक्षा का घटता स्तर पुनः पटरी पर लाया जा सके उस विशाल भारत की कल्पना जो समस्त देशवासियों ने अपने मन में बना ली है वो अवश्य सफल हो ताकि देश की आंतरिक स्थिति के खराब होने का खामयाजा न भुगतना पड़े। भारतीय शिक्षा का जो पतन कोविड के इस संकट में हुआ है वह बदलना आवश्यक भी है। समस्त देशवासियों को मिलकर इस समस्या का समाधान खोजना अत्यन्त आवश्यक है। दरअसल छोटे–बड़े उद्योगों का जुड़ाव भी शिक्षा पर आधारित होता है, उनमें स्टेशनरी, साधारण छोटे वाहन, आदि स्कूलों पर ही निर्भर हुआ करते हैं। जिनका काम इस भयानक महामारी के बीच बन्द ही है यदि हमारे समाज की कार्यशैलियों की निरन्तर गतिविधियों पर भी सवालिया निगाह बन गई हैं। कॉलेज, स्कूल, कोचिंग, आदि सभी 'लॉकडाउन' की भेंट चढ़ रहे हैं। ''सोशल डिस्टेन्स'' ने इस प्रकार मानव–समाज को एक तरफ बाहरी रूप से तो दूरी बनाने में सफल हो ही गया है, बल्कि अपनी सुरक्षा को लेकर व्यक्ति मानसिक रूप से भी कोविड को लेकर कहीं–न–कहीं कुत्रिम मानसिकता का शिकार बनता जा रहा है। काफी उम्मीदें समाज में शिक्षा को लेकर जागृत होने लगी थीं किन्तु शिक्षा पद्धति पर कोरोना का कहर आने से आगे की पीढ़ी का भविष्य इसकी बलि चढ़ चुका है। सरकार की नीतियों के समक्ष हमारी रोजमर्रा की जिन्दगी तो भेंट चढ़ रही है वास्तव में जिस प्रकार से यह समस्या सभी के बीच आ खड़ी हुई है उससे और भी कठिनाइयाँ उत्पन्न हो रही हैं। भारतीय शिक्षा की तमाम नवीन योजनाएँ जो युवाओं के उज्वल भविष्य के लिए बनाई जा रही थीं वो सभी योजनाएँ 'कोविड' की गिरफ्त में फंस गए हैं। और शिक्षा सम्बन्धी बदलाव मे रोक लग गई है।यहां तक कि वह अपने आस–पास रह रहे रिश्तेदारों से मिलने भी भयभीत हो गए हैं। इसी 'डिस्टेन्स' ने शिक्षा का स्तर भी पूर्णतः बेपटरी पर ला दिया है, क्योंकि वहां तो काफी संख्या में विद्यार्थियों की भीड़ जमा रहती है। छात्रों की संख्या



के अनुमान से देखा जाय तो पता नहीं कितने छात्रों का भविष्य आज की इस महामारी में तबाह कर दिया है। कोरोना महामारी के चलते इस वर्ष सभी शिक्षा सम्बन्धी क्षेत्रों का यही हाल है। बल्कि शिक्षा एक ऐसा माध्यम हैं जिससे बहुत सारे व्यवसाय भी जुड़े हैं। जिनमें लाखों की संख्या में लोगों का घर चलता है। लेकिन महामारी का यह संकट उन परिवारों के मौजूदा हालातों को और भी बिगाड़कर रख दिया है। और आने वाले समय की प्रतीक्षा में समस्त मानव समाज इस महामारी को झेल रहा है। निरन्तर हो रहे बदलाव के कारण सभी ओर एक दहशत का वातावरण बन गया है सामान्य से सामान्य बीमारी भी आज कोरोना के गाल में फंसकर एक तरह से मौत का खौफ पैदा कर रही है। इसके साथ ही जो प्रमुख तथ्य है वह यह की नयी शिक्षा नीतियाँ तैयार करने की पुरजोर प्रयास, और यह करना सरकार का प्रथम कार्य होना चाहिए, जिससे शिक्षा का घटता स्तर पुनः पटरी पर लाया जा सके उस विशाल भारत की कल्पना जो समस्त देशवासियों ने अपने मन में बना ली है वो अवश्य सफल हो सकती है, बस हमें हार नहीं माननी है और निरन्तर अपने कार्य के प्रति सजग बने रहना है।

**निष्कर्ष–** वर्तमान में कोविड का प्रभाव सारे विश्व पर बहुत ही बहुलता से होता जा रहा है। और इसका असर भी प्रत्येक स्थान पर दिखाई देता है, कोई भी क्षेत्र इसके प्रभाव से अछूता नहीं है। अतः भविष्य में कभी भी इस महामारी का भयानक कहर युगों–युगों तक इस पृथ्वी पर समाज की गतिविधियों पर दिखाई देगा यह बिल्कुल सत्य और अखण्ड है जिसे मिटाया नहीं जा सकता है। अतः शिक्षा पर तो यह विशेषकर अपना कहर छोड़ रहा है जिसको बिल्कुल देखा भी जा सकता है। जिस प्रकार हमारे भारतीय शिक्षा के सुधार की दिशा प्रसस्त हुई तो यह भीषण महामारी हमारे भारतीय शिक्षा सम्बन्धी कार्यप्रणाली पूर्णतः ठप हो गयी है।यह बात पूरी तरह से सही है कि समाज और देश की नीव मूलरूप से शिक्षा के आधार पर ही चलती है, अतः अध्ययन तथा ज्ञान के आभाव से आने वाले सुखमय भविष्य की समस्त कल्पनाएँ व्यर्थ हो जाती हैं। काफी उम्मीदें समाज में शिक्षा को लेकर जागृत हुई युवाओं का शिक्षण कार्य प्रभावित होने के पश्चात् सभी ओर एक चिंता का माहौल बन गया है। वास्तव में इस संकट की परिस्थिति में हमारे देश का आने वाला भविष्य जो कि युवाओं की शिक्षा एवं स्वास्थ्य दृढ़ता पर निर्भर है, उसपर कोविड का खतरा हमारे भारतीय शिक्षण प्रणालियों को बहुत अधिक प्रभावित कर रहा है। सरकार के नियमों में भी रोज नये बदलाव हो रहे हैं, कहीं से नहीं तो यदि शासन–प्रशासन की नजर हमारे शिक्षा – जगत की ओर उपयुक्तता की दृष्टि से पड़े तो सम्भव है कि इस कठिन समय में समाज को कुछ राहत मिले। एक के बाद एक

नवीनता भरे नियमों को देख सुनकर सामान्य जन–जीवन तो बिल्कुल शिक्षा को लेकर हताश हो रहा है। विश्व आंकड़ों पर अगर निगाह घुमाई जाय तो इक्कीसवीं शताब्दी में अभी तक की सबसे भयानक एक संकट भरी समस्या या कहें की इतनी आपदा के रूप आये कोरोनावायरस ने सम्पूर्ण विश्व का विकास सम्बन्धी गतिविधियों को लेकर बहुत अधिक चिंतित हैं। क्योंकि 'कोविड' का प्रहार जितना स्वास्थ्य पर हुआ है उससे कहीं अधिक इसका प्रभाव देश की रीढ़ कहें जाने वाली अर्थव्यवस्था तथा शिक्षा जिसपर सभी क्षेत्रों का भार होता है। और कुल मिलाकर हमारे समय की गति अध्ययन क्षेत्र की कार्य प्रणालियों पर ही निश्चित होती है।

## सन्दर्भ

1. नया ज्ञानोदय अप्रैल जुलाई 2020
2. आजकल पत्रिका 2019
3. साहित्य अमृत पत्रिका 2015
4. दैनिक जागरण समाचार पत्र
5. **agrawal deepshikha (2009)role ofe-learning in a developing country like india .proceeding 3rd nationalbconfrence**
6. **dhawans, (2020), onlinelurning; covid-19 crisis.**

**सहायक प्राध्यापक, हिंदी-विभाग**
**हुतात्मा जयवंतराव पाटील महाविद्यालय हिमायतनगर,**
**जिला- नांदेड (महाराष्ट्र)**

राष्ट्रनिर्माते

# डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर

आजादी का
अमृत महोत्सव



संपादक

**डॉ. डोंगरे एल.बी.**

राष्ट्रनिर्माते

# डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर

संपादक

डॉ. डोंगरे लक्ष्मण भीमराव

शिवानी प्रकाशन, पुणे

# राष्ट्रनिर्माते डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर
संपादक - डॉ. लक्ष्मण भीमराव डोंगरे

सर्व हक्क :
संपादक डॉ. लक्ष्मण भीमराव डोंगरे

प्रथम आवृत्ती :
१ जानेवारी २०२२

प्रकाशक
विजय टेकवार
शिवानी प्रकाशन
माळवाडी हडपसर, पुणे

अक्षर जुळवणी व मुखपृष्ठ
संतोष जाधव
ओम ग्राफिक्स,
संभाजी चौक सिडको नविन नांदेड

मुद्रण स्थळ
आर्टी ऑफसेट, लातूर

किंमत - १९०/-
ISBN – 978-93-85426-68-1

# अनुक्रमणिका


१) डॉ बाबासाहेब आंबेडकरांचे मुल्यगर्भ शैक्षणिक विचार **डॉ अर्जुन गंगाराम नेरकर** 8

२) डॉ बाबासाहेब आंबेडकरांचे राष्ट्रवादी आर्थिक विचार **प्रा.डॉ. उत्तम अप्पासाहेब पठारे** 13

३) डॉ बाबासाहेब आंबेडकर यांचे सामाजीक समतेचे विचार **प्रा. संतोष सुखदेव ठाकरे** 17

४) डॉ बाबासाहेब आंबेडकरांचे स्त्रीमुक्तीवादी विचार **प्रा.एस.पी. उमरीवाड** 26

५) डॉ बाबासहेब आंबेडकर आणि भारतीय राज्यघटना **प्रा. कौसल्ये एस.जी.** 34

६) भारतीय राज्यघटना आणि डॉ बाबासाहेब आंबेडकर **प्रा. अर्जुन मोरे** 43

७) डॉ बाबासाहेब आंबेडकर यांचे लोकशाही संबंधीचे विचार **प्रा.आनेराव एम.एम.** 48

८) शेतकऱ्यांचे हितकरी - डॉ बाबासाहेब आंबेडकर **डॉ विजयकुमार बाबळे** 53

९) डॉ बाबासाहेब आंडकर भारतीय संवीधानाचे शिल्पकार **डॉ पी.एस.लोखंडे** 57

१०) डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर यांचे सामाजिक विचार... **प्रा. लक्ष्मण एस. पवार** 62

११) डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर यांचे सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक विचार - **प्रा. डॉ. मनोहर कुंडलिक थोरात** 75

१२) डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर यांचे शैक्षणिक विचार **बोंबले राजू बालासाहेब** 82

१३) डॉ. आंबेडकरांचे सामाजिक लोकशाहीसंबंधी विचार **प्रा.डॉ. माधव केरबा वाघमारे** 91

१४) डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर यांचे परराष्ट्र धोरण एक विश्लेषण **प्रा. डॉ. डोंगरे एल.वी.** 95

१५) डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर यांचे धर्मविषयक विचार आणि धर्मांतर **डॉ. डी. के. कदम** 104





१६) डॉ. बाबासाहेब आंबेडकरांच्या सामाजिक न्याय विषयक दृष्टीकोणाचा विश्लेषणात्मक अभ्यास-डॉ. **सुनिल नाना संदानशिव** 113

१७) डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर यांची हैदराबाद स्वातंत्र्य लढ्यातील भूमिका आणि योगदान - **प्रा.डॉ. वसंत कदम** 120

१८) मला भावलेले डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर **कांवळे विकास यशवंता** 131

१९) आंबेडकर चळवळ आणि दलित स्त्रियांचे मानावाधिकार **छाया भिमराव उमरे** 143

२०) डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर यांचे शैक्षणिक विचार **महेश गजेंद्र रंदिल** 150

२१) भारतीय शिक्षा मे आंबेडकर जी का योगदान **डॉ. शेख शहेनाज अहेमद** 156

२२) डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर का लोकतांत्रिक चिंतन **डॉ. शिवाजी नागोवा भदरगे** 166

२३) डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के विचारों मे राष्ट्रहित **प्रा. कैलास काशिनाथ वच्छाव** 170

24) Why Caste Matters in India? **Mr. Swapnil Alhat** 175

25) The Role of Hindu Code Bill in the Empowerment of Women in India - **Dr. Ingole Ramesh Jankiram** 180

26) Dr. Babasaheb Ambedkar's Idea of Democratic Society **Mr. Keda N. Wagh** 189

27) IMPORTANCE OF THE PERSPECTIVE OF DR. BABASAHEB AMBEDKAR TOWARDS BRAHMINS AND BRAHMANISM, IN TODAYS CONTEXT: A NEED OF HOUR FOR THE CONSERVATION OF SOCIAL ENVIRONMENT IN INDIA. **Dr. Krishnanand Patil** 192

28) Dr.BabasahebAmbedkar's Views on Problem of Small Land Holdings in India and Remedies - **H. P. Wangarwar,** 205

29) Reflection of caste-system in Indian society in Dr. Babasaheb Ambedkar's works - **Mr. Mupade Parmeshwar Tukaram** 212

30) "Dr. Babasaheb Ambedkar's Contribution to Indian Economy" **Dr. Ingle Sangapal Prakash** 219

# 21) "भारतीय शिक्षा में आंबेडकर जी का योगदान"

डॉ.शेख शहेनाज अहेमद
हिंदी विभाग प्रमुख
हु.जयवंतराव पाटील महाविद्यालय हिमायतनगर

---

डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर जी ने केवल अनुसूचित समाज की शिक्षा पर ही बल नही दिया अपितु प्रत्येक वर्ग के सभी महिला व पुरूषों को समान रूप से शिक्षा मिले. इस पर उनके विचार एकदम स्पष्ट थे। उनका मानना था कि सरकार सभी के लिए शिक्षा सस्ती व सुलभ उपलब्ध कराए। प्राथमिक शिक्षा से लेकर विश्वविद्यालयी तक की शिक्षा सरकार को सहज उपलब्ध करवानी चाहिए।

शिक्षा के ज्ञान का तीसरा नेत्र भी कहा जाता है। शिक्षा वह यंत्र है, जिससे मनुष्य समाज का मुक्ति द्वार खोल देती है। शिक्षा से व्यक्ति के आंतरीक और बाह्य गुणों का विकास होता है, शिक्षा मनुष्य को नर से नारायण बनाने में अग्रसर होती है। हमारे अंदर की प्रतिभा को शिक्षा के द्वारा ही निखारा जा सकता है। बाबा साहब आंबेडकरज़ी ने शिक्षा को शेरनी का दूध कहा है। वह जो पियेगा वह दहाडे बिना नही रहा सकता। शिक्षा को उन्होंने सामाजिक समरसता कहा है। शिक्षा व्यक्ति में सात्विक गुणों का विकास करती है।

डॉ.बाबासाहब आंबेडकर जी ने शिक्षा संबंधी विचारों पर कई पुस्तकें और लेख लिखे. इतना ही नही उन्होंने शिक्षा पर अनेक भाषण भी दिए है। उन्होंने यह स्वीकार किया है कि, शिक्षा व्यक्ति का बौध्दिक करती है, इस कारण उन्होंने शिक्षा की प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से व उनके उद्देश्यों की व्यापक चर्चा भी करते है। उनका कहना था



कि. व्यक्ति निर्माण में शिक्षा का अमूल्य योगदान होना चाहिए। समाज के लिए संस्कारित व चरित्रवान सद्‌गुणयुक्त सज्जन व्यक्तियों की परम आवश्यकता रहती है। क्योंकि संस्कारखाण व चरित्रवान व्यक्ति ही सबल समाज का निर्माण कर सकेगा। बाबासाहब के अनुसार विभिन्न वर्गों में बटे समाज में शिक्षा के माध्यम से सामाजिक समरसता व लोक तांत्रिक मुल्यों का संरक्षण संभव है। यदि समाज में समरसता व जीवन मूल्यों का संरक्षण नही होगा तो हम आदर्श समाज की स्थापना नही कर सकेगें। "बाबासाहब प्रचलित शिक्षा व शिक्षण पद्धति को बदलना चाहते थे। उनका मानना था कि समरसता निर्माण करनेवाली व लोकतांत्रिक मूल्यों की भावना का विकास करनेवाली शिक्षा व पाठ्यक्रम ही पढ़ाया जाना चाहिए। उनका यह दृढमत था कि समाज में ऐसी शिक्षा व्यवस्था होनी चाहिए व जिसकी समय के अनुकूल आवश्यकता है। वे मानते थे की शिक्षा का माध्यम मातृभाषा में होना चाहिए जिससे बालक में रूचि से पढने का स्वभाव निर्माण हो। विदेशी भाषा में पढ़नेवाले निर्माण हो। विदेशी भाषा में पढ़नेवाले व्यक्ति का समुचित विकास हो पायेगा. ऐसी उनके मन में शंका थी।"।

शिक्षा एक आंदोलन है। अगर शिक्षा उपर्युक्त लक्ष्यों को पूरा नही करती तो वह निरर्थक है। डॉ.आंबेडकर के स्पष्ट विचार थे कि जो शिक्षा आदमी को योग्य न बनाए. समानता और नौतिकता न सिखाए, वह सच्ची शिक्षा नही है, सच्ची शिक्षा तो समाज में मानवता की रक्षा करती है, आजीविका का सहारा बनती है. आदमी को ज्ञान और समानता का पाठ पढ़ाती है। सच्ची शिक्षा समाज में जीवन का सृजनकरती है।

डॉ.बाबासाहब आंबेडकर को राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में उनके लेखन का योगदान महत्वपूर्ण है। उनको एक समाजसुधारक और महानायक रूप में सिर्फ दलित समाज ही देख रहा था। शिक्षा विभाग महाराष्ट्र सरकार द्वारा डॉ.आंबेडकर के लेखन और भाषणों को संकलित कर 21 भागों में प्रकाशित किया गया है। हिंदी में उन्होंने 'शुद्रो की खोज', 'बुध्द या कार्ल मार्क्स', 'धर्मांतरण क्यों', 'हिंदू नारी का उत्थान और पतन', 'हिंदू धर्म की रिडल', 'बुध्द और उनका धर्म', 'जातिभेद का उच्छेत', 'रानडे गांधी और जिन्ना', 'प्राचीन भारतीय वाणिज्य' आदि किताबें लिखी। जहाँ एक शिक्षा संबंधी लेखन का प्रश्न है, वह उन्होंने बहिष्कृत हितकारिणी सभा की ओर से भारतीय संविधिक आयोग मुंबई में दलित वर्ग की शिक्षा की स्थिति के बारे में वक्तव्य दिया। उनके शिक्षा संबंधी विचारों को 'डॉ.आंबेडकर संपूर्ण वाङ्मय' भाग-3, भाग-4, भाग-19 में संकलित किया गया है। डॉ.आंबेडकर ने शिक्षा के लिए सरकार का अनुदान बढ़ाने की वकालत की और वंचित तबकों के लिए सस्ती शिक्षा का पक्ष लिया। डॉ.आंबेडकर से पहले महाराष्ट्र में ज्योतिबा फुले जैसे समाजसुधारक ने स्त्री शिक्षा के द्वार खोले और गुलामगिरी जैसी पुस्तक लिखकर वर्णवादियों पर कडा प्रहार किया था। डॉ.आंबेडकर के नेतृत्व समझते हुए संविधान लिखने की जिम्मेदारी सौंपी गई। वे देश के पहले कानून मंत्री थे। डॉ.बाबासाहब के विचार उत्तरोत्तर आजादी के हर बढ़ते वर्ष के साथ ज्यादा प्रासंगिक होते गए। डॉ.आंबेडकर भारतीय शिक्षा के बारे में बहुत चिंतित थे। शिक्षा के विषय में देश ने कुछ खास प्रगति नही की थी। उस समय की भारत सरकार ने शिक्षा के बारे में जो रिपोर्ट पेश की वह बड़ी चिंताधारक थी। उस रिपोर्ट के



अनुसार शिक्षा के विकास में 40-300 वर्ष लगनेवाले थे। इसपर आंबेडकर जी ने सुझाव दिया कि, "हमारे पास इस प्रेसिडेंसी में दो विभाग है, जो मेरे अनुसार एक दूसरे से उल्टा काम कर रहे थे। हमारे पास शिक्षा विभाग है, जिसका काम लोगों को नौतिकता सिखाना और उनको समाज में लायक बनाना है। दूसरी ओर हमारे पास उत्पाद शुल्क विभाग है, जो मेरे विचार से एकदम विपरीत दिशामें काम कर रहा है। महोदय मेरे विचार से मेरी मांग बड़ी नही है, अगर मौ कहूँ कि हम शिक्षा पर क्रम से कम उतनी राशी तो खर्च करें ही, जितनी हम लोगों से उत्पाद शुल्क के रूप में लेते है। हम इस प्रेसिडेंसी में शिक्षा पर प्रति व्यक्ति 14 आना खर्च करते है। मैंरे विचार से यह न्यायचित होगा कि शिक्षा पर हमारा खर्च इस प्रकार तय किया जाए कि हम लोगों की शिक्षा पर उतना खर्च करें जितना उनके लेते है।"2 आज जब हम शिक्षा निती देखते है तो उसके बजट के लिए हमें आंदोलन करना पडता है। ऐसी सूरत में हमें डॉ.बाबासाहब आंबेडकर के विचार निश्चय ही दिशा निर्देश करनेवाले साबित हो सकते है।

डॉ.बाबासाहब आंबेडकर जी भारतर के शिल्पकार के साथ-साथ एक एक महान शिक्षक भी रहे। उनके अनुसार शिक्षा से ही ज्ञान का ताला खुलता है। और इसलिए उन्होंने अपने समाज को शिक्षित होने लिए अव्हान किया। उन्होंने अपने समाज में स्वाभिमान और चेतना निर्माणा करने के लिए शिक्षा पर ज्यादा ध्यान देने के लिए बल दिया। वे एक दुरदर्शी शिक्षक की भांति विचार करते थे। उनका कहना था कि बालक बालिकाओं की शिक्षा पर अधिक ध्यान दिया जाए ताकि आनेवाले अच्छे समाज का निर्माण हो सके। वे शिक्षा को जीवन निर्वाह का माध्यम नही बल्कि क्रांति का प्रमुख माध्यम मानते थे।

शिक्षा द्वारा ही अंधविश्वास, अज्ञानता, अन्याय और शोषण के विरुध्द आवाज बुलंद की जा सकती है। बाबासाहब ने भी विश्व के अनेक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों से शिक्षा ग्रहण कर एक स्वाभिमानी और प्रतिष्ठित व्यक्ति बने। मनुष्य को जिवित रहने के लिए अन्न की आवश्यकता होती है। ठिक वौसी ही ज्ञानर्जन के लिए शिक्षा महत्त्वपूर्ण है। मनुष्य के आत्मसम्मान की रक्षा का भाव निर्माण शिक्षा के बिना संभव नही है।

डॉ.आंबेडकर जी शिक्षा पर जो खर्च होता है उसके बारे में भी अपने विचार व्यक्त किए है। वे कहते है, "हम इस समय शिक्षा पर तो खर्च रहे है, उसके अधिकांश भाग का वास्तव में अपव्यय हो रहा है। प्राथमिक शिक्षा का उद्वेश्य यह है कि प्राथमिक विद्यालय में दाखिल होनेवाला हर बच्चा स्कूल तभी छोडे, जब वह साक्षर हो जाए और अपने शेष जीवन में वह साक्षर बना रहे। लेकिन हम आंकडों पर नजर डाले तो हमें पता चलेगा कि प्राथमिक स्कूलों में होनेवाले हर एक सौ बच्चों में से केवल 18 बच्चे ही कक्षा चार तक पहुँचते है, शेष बच्चे, यानी 100 में से 82 बच्चे पुनः निरक्षरता की दुनिया में चले जाते है।"3

डॉ.बाबासाहब का ध्यान समाज के निचले तबकों पर अधिक था। इसलिए वे इस संदर्भ में यह कहना नही भूलते कि 'अब हम इस स्थिति में आ गए है, जब समाज के निचले तबके के लोगों के बच्चे हाईस्कूल, मिडिल स्कूल और कालिजों में जा रहे है। इसलिए इस विभाग की नीति यह होनी चाहिए कि निचले वर्गों के लिए उच्च शिक्षा को जितना संभव हो, सस्ता बनाया जाए। आंबेडकर दलितों की शिक्षा के प्रति हमेशा चिंतित रहे। उन्होने अपने कार्यों से आधुनिक भारत के इतिहास को गहराई से प्रभावित किया। लेकिन उनके योगदान का



ज्ञान की विविध शाखाओं में उचित मुल्यांकन नही किया गया, खासकर शिक्षा के क्षेत्र में। आंबेडकरजी ने शिक्षा को प्राथमिकता दी और पिछडे वर्गों के बीच उच्च शिक्षा और संस्कृति के विस्तार हेतु कॉलेज, होस्टेल, पुस्तकालय, सामाजिक कैंद्र और अध्ययन कैंद्र खोले। सभा के निर्देशन और मार्गदर्शन में विद्यार्थियों की पहल पर 'सरस्वती बेलास' नाम पत्रिका का प्रकाशन किया। अनेक जगह छात्रावास खोले। समाज के पिछडे तबकों के बीच उच्च शिक्षा फैलाने के लिए लोक शौक्षिक समाज की स्थापना की। लोक शौक्षिक समाज ने दलितों के बीच उच्च शिक्षा के प्रसार में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया।

डॉ.आंबेडकर जी का सोंचना था कि, पिछडे वर्ग के लोगों का जीवन सार उठाने का सबसे महत्वपूर्ण अस्त्र शिक्षा ही है। उन्होंने नारा दिया था, "शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करें। दलितोत्थान के लिए अन्य क्षेत्रों में उनके अभूतपूर्व योगदान की वजह से उनके शिक्षा संबंधी विचारों का सही मुल्यांकन नही हो पाया। शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने जो सिध्दांत निर्माण किए उसे अपनी शौक्षणिक संस्थाओं में व्यावहारिक धरातल पर लागू किया। डॉ.आंबेडकरजी के शब्दों में "शिक्षा वह है जो व्यक्ति को निडर बनाए, एकता का पाठ पढाए, लोगों को अधिकारों के प्रति सचेत करें संघर्ष की सीख दे और आजादी के लिए लडना सिखाए।" शिक्षा एक आंदोलन है। अगर शिक्षा हमारे लक्ष्यों को पूरा नही करती तो वह निरर्थक है। जो आदमी को योग्य न बनाए, समानता और नौतिकता न सिखाए, वह सच्ची शिक्षा नही है, वह सच्ची शिक्षा नही है, सच्ची शिक्षा तो समाज में मानवता की रक्षा करती है, आजीविका का सहारा बनती है। आदमी को ज्ञान और समानता का पाठ पढाती है। सच्ची शिक्षा समाज में जीवन का सृजन

करती है। डॉ.आंबेडकर के समाज दर्शन में मानवीय गरिमा और सम्मान का स्थान सर्वोपरी है। शिक्षा के माध्यम से वे समाज में न्याय, समानता, भाईचारा, स्वतंत्रता और निर्भयता के स्थान पर मूल्याधारित समाज बनाना चाहते थे। यह सच भी है कि नैतिक मूल्यों का विकास अच्छी शिक्षा के माध्यम से ही संभव है। आंबेडकर के अनुसार शिक्षा का उद्देश्य वही है जो स्वयं उनके जीवन और सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक विचारों में है। वे हमेशा तार्किक और वैज्ञानिक शिक्षा के पक्षधर रहे। डॉ.आंबेडकर ने हमेशा पूर्ण एवं अनिवार्य शिक्षा का पक्ष लिया और तकनीकी शिक्षा पर बल दिया। वे कमजोर वर्गों को विभिन्न प्रकार का छात्रवृत्तियाँ देने के पक्षधर थे। उच्च शिक्षा की जरूरत को भी वे बराबर रेखांकित करते रहते थे। भारतीय समाज में महिलाओं की खराब स्थिति के लिए वे ब्राम्हणवाद के जिम्मेदार मानते थे। इस संबंध में वे कहते है - "इस समाज में ऐसी कोई बुराई नही है जो ब्राम्हणों के सहयोग के बिना पनपी हो। स्त्री को दोयम दर्जा देना, विधवा को पूनर्विवाह से रोकना, पती के साथ सती जाना यह सब ब्राम्हणवाद की देने है। ब्राम्हणों की वजह से ही विधवाओं को पूनर्विवाह से रोका गया। लड़कियों का विवाह 8 से भी कम की उम्र पर कर दिया जाता था और मर्दो को हर उम्र में मनचाहे विवाह करने का अधिकार था।"4 ऐसा माना जाता है कि वैदिक युग में महिलाओं को काफी अधिकार प्राप्त थे। इसके बाद लगातार उनकी स्थिति गिरती चली गई। महिलाओं के संबंध में एक क्रांतिकारी कदम उठाकर समाज में समान अधिकार दिलाने की वकालत की। उन्होंने महिलाओं के लिए व्यक्तिगत गरिमा और अपने विकास के लिए उचित अवसर उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने हिंदू विवाह



अधिनियम के तहत स्त्रियों को संपत्ति के अधिकार एवं उत्तराधिकार के अधिकार का प्रावधान किया। वे स्त्री की आर्थिक आत्मनिर्भरता के पक्षधर थे। हिंदू बिल पास करने के कड़े विरोध के बावजूद आंबेडकर ने यह बिल पास करवाकर समानता के लिए किए जा रहे महिला संघर्ष के इतिहास की यह 20वीं सदी की सबसे बड़ी जीत थी। इस प्रकार आंबेडकरजी भारत में महिलाओं के सबसे बड़े हितैषी के रूप में सामने आते है।

महिलाओं की शिक्षा और उनके व्यक्तित्व विकास के बारे में डॉ.आंबेडकर के विचार तत्कालीन समाज के चल रहे स्त्री मुक्ति आंदोलनों से किसी भी मामले में कम नही थे। वे महिलाओं को अनिवार्य शिक्षा के पक्ष में थे। उन्होंने महिलाओं के विकास और आत्मनिर्भरता के लिए संविधान में कई जरुरी प्रावधानों को शामिल किया जिससे कि आजाद में स्त्री समानता के लिए मजबुती से अपना दावा पेश कर सके।दलित विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा में प्रगति के बारे में डॉ.आंबेडकर का कहना था, "विज्ञान और इंजिनियरी में शिक्षा ने कोई प्रगति नही की है।" कला और विधि के विषय में शिक्षा अनुसूचित जातियों को विज्ञान तथा टेक्नॉलोजी में उन्नत प्रकार की शिक्षा अधिक सहायक होगी।"5 उन्होंने कहा कि भारत सरकार को कुछ ऐसे.उपाय करने चाहिए जिससे अनुसूचित जातियों के विद्यार्थी भी उसका लाभ उस सके। दलित विद्यार्थियों के लिए विज्ञान और तकनिकी शिक्षा लेनना महंगा होने की वजह से आंबेडकर जी ने दलित विद्यार्थियों के लिए छात्रकृति की व्यवस्था किये जाने की मांग की। उन्होंने कहा, " सरकारी सहायता के बिना विज्ञान और टेक्नॉलोजी की उन्नत शिक्षा का क्षेत्र कभी भी अनुसूचित जातियों के

सुलभ नही होगा और यह केवल न्यायसंगत तथा उचित है कि केंद्रिय सरकार इस संबंध में उनकी सहायता के लिए आगे आये।"आंबेडकर शिक्षा के साथ स्वच्छता, शारीरिक शिक्षा व सांस्कृतिक विकास को अहम मानते थे। उनका मानना था कि प्राथमिक शिक्षा बच्चे में सभ्यता और संस्कृति का इस तरह विकास करे कि उसे सभ्य समाज का हिस्सा बनने में आसानी हो। डॉ.आंबेडकर का मत था कि एक लोकतांत्रिक व समाजवादी राष्ट्र बनाना है तो उसके लिए सभी के लिए समान शिक्षा बेहद जरुरी है। डॉ.आंबेडकर ने उच्च शिक्षा पर अपने महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किये है। उनके उच्च शिक्षा संबंधी विचार आज भी प्रासंगिक है।

डॉ.आंबेडकर के विचार आज न केवल दलित समाज के लिए बल्कि पूरे भारतीय समाज के लिए बहुत उपयोगी है। आंबेडकरजी ने हर दम बैठक में उच्च शिक्षा पर खर्च बढ़ाने की बात कही है। उच्च शिक्षा पर आंबेडकरजी ने काफी विचार व्यक्त किए, उनके वे विचार आज भी प्रासंगिक है। भारतीय इतिहास में दलितों के लिए शिक्षा और रोजगार का मार्ग प्रशस्त करनेवाले, उनके अधिकारों को जागरूक बनानेवाले, शोषण से मुक्त करानेवाले तथा बुध्दि के क्षेत्र में भी अपनी श्रेष्ठता साबित करनेवाले एकमात्र आंबेडकर ही है। उन्होंने शिक्षा के बारे में अपनी स्पष्ट बात रखी और इसी प्रक्रिया में उनकी दलित-समाज की शिक्षा के लेकर चिंताएँ भी प्रकट हुई।भारतीय संविधान में उन्होंने जो प्रावधान किए है उसमें दलितों और वंचितों को शिक्षा और रोजगार से जोडने में मदत, शौक्षिक रूप से पिछडे लोगों को विशेष प्रावधान बनाया। अस्पृश्य का निवारण किया तथा प्रत्येक व्यक्ति को समानता का दर्ज़ा दिलाया तथा सरकारी शिक्षण



संस्थाओं में कमजोर समुदायों को प्रवेश का मार्ग खुला कराया। पुरुष और महिलाओं को समान काम और जीवनाधिकार का प्रावधान किया। तरह डॉ.आंबेडकर से ही दलितों की शिक्षा व रोजगार को लेकर चिंतित रहे। दलित समाज के लिए उनके विचार आज भी उतने ही महत्त्वपूर्ण है और आगे भा रहेगें।

संदर्भ :-


1) आंबेडकर बी.आर. 1979 डॉ.आंबेडकर राइटिंग्स एंड स्पीचेस, वाल्युम-1 एज्युकेशन डिपार्टमेंट,गव्हरमेंट ऑफ महाराष्ट्र, मुंबई।
2) बाबासाहेब डॉ.आंबेडकर. संपूर्ण वाड्मय खंड-3. पृ.55-56.
3) वही
4) आंबेडकर बी.आर. 1987. डॉ.आंबेडकर राइटिंग्स एंड स्पीचेस. वाल्युम-3, गव्हरमेंट ऑफ महाराष्ट्र. .
5) वही 1994-95
6) बाबासाहब डॉ.आंबेडकर संपूर्ण वाड्मय (भाग-4)
7) वही वही भाग-19.